तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

मंदिर चौक के पास मुख्य सड़क को ऑटो चालकों द्वारा अघोषित आटो स्टैंड बनाते हुए कब्जा कर लिया गया है। इससे ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है।

## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.

# सेंदरी मेंटल हास्पिटल में मनोरोग चिकित्सक नहीं, नर्स और दूसरे स्टाफ की संख्या भी आधी

## अस्पताल में डॉक्टर, वार्ड ब्वाय नियुक्त करने सहित अन्य सुविधाओं पर हाईकोर्ट ने कार्रवाई रिपोर्ट मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंदरी स्थित मानसिक चिकित्सालय में बिस्तरों की संख्या, मनोरोग चिकित्सक, वार्ड बॉय नियुक्त करने सहित अन्य सुविधाओं पर हाईकोर्ट ने कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य सचिव को मामले में शपथपत्र प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। सोमवार को मामले में सुनवाई के बाद इसे एक सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में हुई सुनवाई में शासन ने कोर्ट में कहा था कि बिस्तरों की संख्या 200 की जा रही है और डाक्टरों की कमी भी दूर की जाएगी।

राज्य में मानसिक रोगियों के इलाज के लिए 2017 में बने अधिनियम के अनुसार प्रावधान और सुविधा नहीं होने पर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। साथ ही मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान भी लिया है। दोनों मामलों की एक साथ सुनवाई चल रही है। याचिका में बताया गया है कि डब्ल्यूएचओ के नियम अनुसार 10 हजार लोगों पर एक मनोचिकित्सक होना चाहिए, जबकि राज्य में 8 लाख लोगों पर एक डाक्टर है। प्रावधान के अनुसार हर जिले में एक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र और मनोचिकित्सक होने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है।

### 170 मरीजों में पर सिर्फ 2 सायकेट्रिस्ट

सेंदरी स्थित मेंटल अस्पताल में 7 साल बाद भी डॉक्टर और दूसरे कर्मचारियों के अभाव के बीच मरीजों का इलाज चल रहा है। 165 मरीजों में दो साइकेट्रिस्ट हैं, जो इनकी देखभाल करते हैं। इसके अलावा क्लीनिकल सायकेट्रिस्ट नहीं है। नर्स और दूसरे स्टाफ की संख्या भी आधी ही है। इसी के चलते प्रबंधन को कई तरह की दिक्कत झेलनी पड़ रही है। 20 करोड़ का बजट होने के बाद यहां 100 बेड अस्पताल में 165 मरीजों को रहना पड़ रहा है। यहां राज्य के अलावा दूसरे प्रदेशों के मानसिक रोगी भर्ती हैं। लंबे समय से इलाज के बाद इनमें से कुछ ठीक हो चुके हैं, लेकिन परिजनों के नहीं आने के कारण वे यहां से नहीं जा पा रहे हैं। इनकी पुनर्वास की योजना भी अटकी हुई है।

### 11 डॉक्टरों में से सिर्फ तीन की पोस्टिंग

याचिका में यह भी कहा गया है कि प्रदेश के एकमात्र राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी के लिए 11 चिकित्सकों के पद स्वीकृत है, लेकिन उनमें से मात्र 3 पद पर ही सायकेट्रिस्ट नियुक्त हैं। इसके अलावा एक ईएनटी और एक आर्थोपेडिक चिकित्सक की नियुक्ति कर दी गई है। कोर्ट ने प्रावधान के अनुसार इलाज के लिए प्रदेश में की जा रही व्यवस्था और मानसिक चिकित्सालय में रिक्त पद भरने के लिए क्या किया जा रहा है, इस पर पूरी रिपोर्ट राज्य शासन से मांगी है।

(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन, पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830

## खबर संक्षेप

### जल मिशन की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे साव

**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव 9 जुलाई को नई दिल्ली में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। वे 9 जुलाई को सुबह 7.15 बजे रायपुर से शासकीय विमान द्वारा नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वे सुबह 9.30 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री साव सुबह 10:10 बजे नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित अंत्योदय भवन में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। वे दोपहर 1:10 बजे नई दिल्ली से शासकीय विमान द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 3.15 बजे वापस रायपुर पहुंचकर मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक में शामिल होंगे।

### नई रिवर व्यू सड़क पर खुली छड़ से खतरा

**बिलासपुर।** गोंड़पारा से शनिचरी रपटा पुलिया तक नई रिवर व्यू सड़क का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन निर्माण में लेटलतीफी के साथ ही यहां सड़क के बीच बनाए जा रहे डिवाइडर और नालियों के लिए छड़ को निकालकर ऐसे ही छोड़ दिया गया है। अब इस आधी-अधूरी बनी सड़क पर लोग आवगमन करना भी शुरू कर दिया है। जिसके चलते खतरा बना हुआ है। ऐसे में यहां कभी भी दुर्घटना घट सकती है।

### कंपनी गार्डन के झूले टूटे बच्चों को लग रही चोट

**बिलासपुर।** कंपनी गार्डन में बच्चों के लिए लगाए गए झूले टूट चुके हैं। ऐसे में यहां आने वाले पालक अपने बच्चों को टूटे झूले में ही झुलाकर उनके मन को संतुष्ट करते हैं। लेकिन कई झूले जर्जर हो चुके हैं। टूटे हुए नुकीले हिस्से से बच्चों को अब चोट भी लग रही है। लेकिन निगम प्रबंधन ठीक करने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## रोजाना हादसा : 6 माह पहले भेजा गया था प्रस्ताव

# सेंदरी-मोपका सड़क पर डेढ़ से दो फीट गड्ढे, रिपेयर की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका से सेंदरी के बीच बनाई गई बायपास सड़क बदहाल हो चुकी है। यहां डेढ़ से दो फीट के गड्ढे हो गए है। पीडब्ल्यूडी द्वारा हर बार इस सड़क पर पेंच रिपेयर कर रहा है, लेकिन सड़क नए सिरे से मजबूतीकरण के साथ बनाई जानी है। इस बारे में 6 माह पहले प्रस्ताव की फाइल मंत्रालय भेजी गई है, लेकिन स्वीकृति नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। हालत यह है कि इस सड़क पर कई बार दो पहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के मोपका- सेंदरी सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। बायपास सड़क होने के कारण रोजाना सैकड़ों वाहनों की आवाजाही है, हर साल लोक निर्माण विभाग द्वारा साल में दो बार रिपेयर किया जाता है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। सड़क की गुणवत्ता शुरूआत से ही खराब है, सड़क को बने 10 साल का समय बीत चुका है, सड़क की हालत को देखते हुए इसे नए सिरे से बनाया जाना है। सड़क बनाने के लिए 30 करोड़ की राशि की जरूरत है। इस बारे में शासन से पत्राचार किया गया है लेकिन स्वीकृति नहीं मिल सकी है। अधिकारियों का कहना है कि स्वीकृति के बिना सड़क बनाना मुश्किल है, लेकिन बारिश को देखते हुए डब्ल्यूबीएम पेंच किया जाएगा, वहीं बारिश खत्म होने के बाद डामरीकरण किया जाएगा, लेकिन यह सड़क इस बारिश में चलने लायक नहीं है। सड़क की दुर्दशा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दो पहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, वहीं कार चालक सड़क पर गाड़ी दौड़ने से बच रहे हैं। हैवी वाहनों के आवाजाही के चलते सड़क पर वाहन चलाना दूभर हो चुका है।

**हैवी वाहनों के चलने के कारण सड़क धंस रही**

बदहाल मोपका से सेंदरी के बीच बनाई गई सड़क ।

खास बात यह है कि मोपका से सेंदरी के बीच करीब 13 किमी की सड़क बायपास है और बेलतरा क्षेत्र के लिए बहुत ही उपयोगी है। कोयले से भरे ट्रक और रेत के ट्रैक्टर इस बायपास सड़क से दौड़ रहे हैं। भारी वाहनों के चलने से सड़क की स्ट्रेंथ खराब हो चुकी है। अधिकारियों के अनुसार सड़क को खोदकर बनाया जाना है। इस बजट में भी शामिल किया गया है और प्रस्ताव भी 6 माह पहले भेज दिया गया है, लेकिन प्रशासकीय स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति नहीं मिल सकी है। वहीं इस बार बारिश के दिनों में रिपेयर किया जाना है, जिसका टेंडर लगाया गया है।

### कोयले और रेत परिवहन के लिए उपयोग

### स्वीकृति नहीं मिली है

सड़क प्रस्तावित है, लेकिन स्वीकृति नहीं मिली है, जब तक स्वीकृति नहीं मिल जाती है, तब तक सड़क नहीं बनाई जाती है। देरी का कारण उच्च अधिकारी ही बता सकते हैं। एसडीओ को सड़क का निरीक्षण करने भेजा जाएगा।

- **वाई के गोपाल,** एसई, पीडब्ल्यूडी

# आधा आषाढ़ बीता, कश्यप कालोनी के नाले का काम नहीं हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आधा आषाढ़ बितने वाला है और अभी तक पुराना बस स्टैंड से कश्यप कालोनी तक नाला निर्माण का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। लगभग 20 मीटर स्लैब ढलाई का काम बाकी है, जबकि नगर निगम द्वारा नाला निर्माण कार्य पूरा करने 30 जून तक की मोहलत दी गई थी।

पुराना बस स्टैंड से कश्यप कालोनी तक नाला बनाने का काम पूरा नहीं होने के कारण पिछले दिनों जो लगातार बारिश हुई, उससे इस क्षेत्र के लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा है। यहां तक कश्यप कालोनी गली नंबर तीन के लोगों का आना जाना मुश्किल हो गया। पुराना बस स्टैंड वार्ड नंबर 33, 34 निराला नगर से कश्यप कालोनी होकर जवाली नाला तक नगर निगम द्वारा नाला निर्माण कराया जा रहा है। बरसात के दिनों में जल भराव और पानी निकासी की समस्या को देखते हुए यहां काफी चौड़ा नाला बनाया जा रहा है, जिसके चलते यहां की सड़क को खोदा गया था। चौड़ाई अधिक होने के कारण बीच-बीच में नाला को ब्लाक कर ढलाई की जा रही थी, कश्यप कालोनी के गली नंबर तीन में पूरी सड़क को खोदा गया, उसी बीच बारिश होने लगी जिससे वहां पर आने-जाने के लिए रास्ता भी नहीं बचा था। अब नाला के वॉल बन गया है, किन्तु नाले के ऊपर स्लैब ढलाई नहीं हुई है। इसी तरह बस स्टैंड की तरह शुरू में पुलिया के पास से नाला को जोड़ने का काम बाकी है। लगभग 20 मीटर स्लैब ढलाई करना बचा है। दूसरी तरफ निगम की ओर से नाला निर्माण के लिए संबंधित ठेकेदार को 30 जून तक की मोहलत दी गई थी वह पूरा हो गया है।

**नगर निगम ने 30 जून तक दी थी मोहलत**

कश्यप कालोनी में बनाए जा रहे नाले के ऊपर स्लैब ढालने के लिए बनाया गया स्ट्रक्चर।

### 7 करोड़ 59 लाख की लागत से बन रहा

पुराना बस स्टैंड से जवाली नाला तक नगर निगम द्वारा 15 फीट बड़े नाला का निर्माण किया जा रहा है। 757 मीटर लंबा नाला में लगभग 71 मीटर नाला का निर्माण कार्य बाकी है। कश्यप कालोनी में 6 फीट नाला को 15 फीट चौड़ा और नया बनाया जा रहा है। इसमें लगभग 60 मीटर नाला खोदाई का काम बचा हुआ है। पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में कश्यप कालोनी, निराला नगर होते हुए जवाली नाला तक 7 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से 1057 मीटर नाला का निर्माण कराया जाना है। इसमें पहले चरण में 757 मीटर नाला का काम पूर्णता की ओर है।

### आधा शहर का पानी आता है

बस स्टैंड कश्यप कालोनी में बन रहे नाला शहर के 12 वार्डों से जुड़ा हुआ है। लगभग आधे शहर का पानी पुराना बस स्टैंड के पास नाला से होकर गुजरता है। बरसात के दिनों में पानी निकासी की समस्या होती है, क्योंकि कई जगहों पर जल भराव होता है। इसी जल भराव और पानी निकासी की समस्या को दूर करने के लिए यहां पर नाला का निर्माण कराया जा रहा है। नाला निर्माण में जमीन विवाद को लेकर बीच में काम अटका रहा और कोर्ट से मामला निपटने के बाद यहां नाला का काम चालू हुआ है।

### स्लैब का काम बचा है

पुराना बस स्टैंड से कश्यप कालोनी के बीच नाला निर्माण कार्य चल रहा है। कश्यप कालोनी में नाला के लिए गली नंबर तीन में खोदाई की गई थी वहां पर नाला बना लिया गया है और केवल स्लैब ढलाई बचा है। नाले के ऊपर लगभग 20 मीटर स्लैब ढलाई का काम बाकी है।

- **एसके मानिक** ईई, नगर निगम

## आरोपी एक दिन की पुलिस रिमांड में, पूछताछ जारी

# हवन पूजन करने का झांसा देकर 36 लाख की ठगी, प्रयागराज से ढोंगी बाबा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घर में शांति, अच्छी नौकरी, स्वास्थ लाभ दिलाने हवन पूजन करने का झांसा देकर युवती से 36 लाख 73 हजार रुपए आनलाइन ठगी करने वाले ढोंगी बाबा को पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसे एक दिन की पुलिस रिमांड में लेकर ठगी की रकम के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने 16 लाख रुपए बैंक खाते में होल्ड करा दिया है।

एसीसीयू प्रभारी एडीशनल एसपी अनुज कुमार ने बताया कि 10 जनवरी 2024 को सोनगंगा कालोनी में रहने वाली क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने सरकण्डा थाने में रिपोर्ट लिखाई। वे मानसिक रूप से बीमार थीं, उन्होंने पूजा पाठ के माध्यम से इलाज के लिए गूगल में सर्च किया, उन्हें पूजा पाठ वाला हनुमंत डाट काम नामक एक साइट दिखाई दी। उसमें उन्होंने अपना मोबाइल नम्बर डाल दिया, उसके बाद अनजान मोबाइल नम्बर से काल आया, फोन करने वाले पूछा आपको क्या परेशानी है। युवती ने अपनी परेशानी बताई तो मोबाइल धारक ने पूजा पाठ से उन्हें स्वस्थ करने का आश्वासन दिया। युवती उसके झांसे में आ गई। उसके बाद मोबाइल धारक ने अलग अलग भगवान के नाम पर हवन करने का झांसा देकर किश्तों में 36 लाख, 73 हजार रुपए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करा लिया। युवती की शिकायत पर पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुटी थी। इस दौरान बैंक स्टेटमेंट, एटीएम फुटेज की समीक्षा व तकनीकी इन्पुट लिया गया। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर टीआई तोप सिंह नवरंग के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने उत्तर प्रदेश प्रयागराज में दबिश देकर प्रयागराज निवासी आशीष त्रिपाठी उर्फ अभिनव पिता धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी 22 साल को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने आनलाइन ठगी करना स्वीकार कर लिया है। सोमवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड की मांग की। कोर्ट ने आरोपी को एक दिन की रिमांड में पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस उससे ठगी की रकम के संबंध में पूछताछ कर रही है। एएसपी अनुज कुमार ने बताया, आरोपी के बैंक खाते में जमा 16 लाख रुपए होल्ड करा दिए गए हैं।

## कुटुंब न्यायालय से प्रकरण वापस नहीं लेने पर किया था हमला

# धारदार हथियार से पत्नी के हाथ का पंजा काटा, पति को 10 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट ने कुटुम्ब न्यायालय का प्रकरण वापस नहीं लेने पर धारदार हथियार से हमला कर पत्नी के हाथ का पंजा काटकर अलग करने वाले पति को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। वहीं पीड़िता को शासन की ओर से 3 लाख रुपए प्रतिकर दिलाने का आदेश दिया गया है।

कोटा अंतर्गत कपसियाकला निवासी ज्योति रानी जगत ने अपने पति फास्टरपुर निवासी प्रशांत लाल उर्फ मोंटू पिता प्रदीप लाल 31 पर कुटुम्ब न्यायालय में प्रकरण दायर किया है। 13 फरवरी 2023 को प्रशांत लाल अपनी पत्नी ज्योति रानी को मोबाइल में फोन कर गाली गलौज करते हुए न्यायालय से प्रकरण को वापस लेने के लिए कहने लगा, उसने उनके व परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की शिकायत कोटा थाने में की। इस पर पुलिस ने उनके पति को समझाइश दी। उसके बाद ज्योति रानी अपने घर चली गई थीं। रात 10.30 बजे प्रशांत लाल घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा और पत्नी ज्योति के साथ मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उनके बाए हाथ का पंजा कटकर अलग हो गया और दाहिने हाथ के अंगूठा व पैर में चोट आई थी। पुलिस ने उनके भाई अविनाश जगत की रिपोर्ट पर आरोपी पति को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के पीठासीन अधिकारी ओपी जायसवाल ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोपी प्रशांत लाल को धारा 307 में 10 साल कैद व 500 रुपए जुर्माना, धारा 459 में 10 साल कैद व 500 रुपए जुर्माना, धारा 506 में 2 साल कैद व 200 रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा है आहत ज्योति रानी जगत के बाए हाथ का पंजा एवं चार उंगलियां कटकर अलग हो जाने से शासन की ओर से पीड़िता को 3 लाख रुपए प्रतिकर राशि दिलाने का आदेश दिया गया है। शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता निमेश शुक्ला ने पैरवी की है।

## खबर संक्षेप

### विवेकानंद उद्यान विकास समिति के अध्यक्ष बने सराफ

**बिलासपुर।** स्वामी विवेकानंद उद्यान सर्व योगकेन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में 7 जुलाई को हुई बैठक में छेदीलाल सराफ को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इनके अलावा अन्य पदाधिकारियों में संरक्षक गोविंद तिवारी, रमेश श्रीवास्तव, किशोरी लाल गुप्ता, प्रताप रंजन वर्मा, मनोहर माडेवार, कन्हैया आहूजा, रमेश दुआ, प्रकाश जोशी, पप्पू आहुजा, इंद्र रमन सिंह ठाकुर बनाए गए। इसी तरह उपाध्यक्ष सुभाष सराफ, सचिव कृष्ण कुमार शर्मा, सहसचिव - संतोष सोनी (बन्नू) कोषाध्यक्ष संजय दुबे एवं महिला विंग सलाहकार वर्षा कोन्हेर, प्रभारी भरत ठाकुर, अरविंद कोन्हेर मनोनित किए गए। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष छेदीलाल सराफ ने बताया कि इसमें आनंद योग केन्द्र, हर्बल हास्य योग केंद्र, विवेकानंद लाफ्टर क्लब, एक्टिव लाफ्टर क्लब, पतंजलि योग समिति, संजीवनी हास्य योग्य केंद्र, श्री योगा एवं हास्य समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने एकता का परिचय देते हुए कंधे से कंधे मिलाकर साथ देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि विवेकानंद उद्यान में सभी क्लब से दो से तीन सदस्यों को लेकर पदाधिकारी बनाने का हर संभव प्रयास किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि योग साधकों की परेशानियों को दूर करके, एकता का परिचय देते हुए गार्डन की रखरखाव, मेंटेनेंस, सुरक्षा व्यवस्था को भी पूरा किया जाएगा।

### हेमूनगर में भागवत महापुराण कथा ज्ञान का समापन आज

**बिलासपुर।** समस्त यादव परिवार द्वारा कृष्णा विहार हेमूनगर में श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 2 जुलाई से शुरू हुए इस महायज्ञ में भगवान विष्णु के लीलाओं की कथा गाई जा रही है। कथावाचक पं पकंज भूषण मिश्रा के मधुर वक्तव्य को सुनने दूर दराज से लोगों के आने का सिलसिला जारी है। सोमवार को कथा में व्यासपीठ से श्री मिश्रा ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा चरित्र की सजीव और मार्मिक कथा सुनाई। वहीं कथा रस का पान करने श्रीचक्र महामेरू पीठम के शंकराचार्य श्रीश्री सच्चिदानंद महाराज भी उपस्थित रहे। इस दौरान उनकी गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश, रूपेश, विनोद, गिरीश, योगेश, रेखा, संध्या, गीता, योगिता यादव का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। मंगलवार को श्री तुलसी वर्षा, परीक्षित मोक्ष की कथा गाई जाएगी। वहीं इस दौरान 7 दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का समापन भी होगा।

### ऑनबोर्ड सीटीआई की सतर्कता से मिला ट्रेन में गुम मंगलसूत्र

**बिलासपुर ।** रेलवे प्रशासन यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा एवं हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध है। गाड़ियों में बीमार यात्रियों को चिकित्सा सहायता हो अथवा अन्य जरूरत की सामग्री, बच्चों के लिए गर्म पानी हो अथवा बेबी फूड, जरूरतमंदों की हर मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यात्रियों की हरसंभव सहायता की जा रही है ।

इसी संदर्भ में सोमवार को 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के बी-02 कोच में भोपाल से दुर्ग तक अपने परिवार के साथ यात्रा कर रहे दीपक श्रीवास्तव ने रेल मदद एप में 2.5 लाख कीमती मंगलसूत्र गुमने की सूचना दी। रेलवे प्रशासन ने इसकी सूचना ऑनबोर्ड सीटीआई रजत सरकार को दी । इस दौरान गाड़ी भिलाई पावर स्टेशन पार कर रही थी। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सीटीआई रजत सरकार ने कोच में जाकर जांच की और नहीं मिलने पर उन्होंने अटेंडर्स को बुलाकर खोजने और नहीं मिलने पर रायपुर स्टेशन में आरपीएफ़ बुलाकर चेक करवाने की बात कही। कुछ देर बाद उसमें यात्रा कर रही एक महिला यात्री ने मंगलसूत्र को नीचे गिरने बताकर उसे सीटीआई को वापस कर रही थी। सीटीआई के कहने पर महिला यात्री द्वारा रायपुर स्टेशन पहुँचने के बाद आरपीएफ़ को मंगलसूत्र सौंपा गया। इस प्रकार सीटीआई रजत सरकार की तत्परता और सतर्कता से गुम हुए मंगलसूत्र की बरामद सुनिश्चित हुई । इनके द्वारा किए गए इस उत्कृष्ठ कार्य की वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रसंशा की गई ।

### अभा ग्राहक पंचायत की बैठक में सेवा केंद्र खोलने बनाई गई योजना

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत बिलासपुर इकाई की एक बैठक राजकुमार अग्रवाल के विद्यानगर स्थित निवास पर आयोजित की गई। इसमें इसी महीने ग्राहक सेवा केंद्र खोलने की योजना बनाई गई। जिसे हर शनिवार सुबह 10 से 12 बजे तक खोला जाएगा। बैठक में लगभग 200 नए सदस्यों को बिलासपुर जिला स्तर पर जोड़ने का संकल्प लेकर इस माह के अंत तक नई कार्यकारिणी बनाने, हर महीने केंद्र के निर्देशानुसार एक बैठक करने, हर महीने कम से कम दो कार्यक्रम करने, दो ग्राहकों की समस्याओं को लेकर उचित विभाग में ज्ञापन देने, रेल मंत्री के नाम वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेलवे किराया में छूट को पुनः चालू करने बाबत ज्ञापन देने, नगर पालिका निगम के अध्यक्ष के नाम बृहस्पति बाजार में शेड लगाने एवं उचित साफ सफाई हेतु ज्ञापन देने एवं अध्यक्ष से चर्चा करने हेतु निर्णय लिया गया। अंत में ग्राहक पंचायत के दिवंगत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नीलकंठ तिवारी का सम्मान उनकी पत्नी रामकली तिवारी को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रांत महिला प्रमुख सुश्री सुनीता मानिकपुरी, प्रांत संगठन मंत्री राकेश चंद्राकर, जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार घोष, जिला सचिव प्रभाकर राव, कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, गोपाल प्रसाद दुबे, जिला महिला अध्यक्ष शेफाली घोष, श्रेयश अवस्थी, सुलोचना अग्रवाल मौजूद रहे।

---

**निजी स्कूलों की मनमानी** | कलेक्टर के निर्देश के बाद भी जिला शिक्षा विभाग नहीं कर रहा निगरानी

# अभिभावकों पर चुनिंदा दुकानों से ड्रेस-पुस्तक खरीदने का दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निजी स्कूल किसी भी विशेष दुकान से पुस्तक और ड्रेस खरीदने को मजबूर नहीं कर सकते हैं। इस सरकारी आदेश का पालन कम से कम शहर के निजी स्कूल प्रबंधन नहीं कर रहे हैं। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही कुछ निजी स्कूलों की मनमानी भी शुरू हो गई है।

अभिभावकों की मानें तो शहर के कई निजी स्कूलों द्वारा दुकान विशेष दुकान से ही खरीदी करने दबाव बनाया जा रहा है। किताबें, यूनिफार्म सहित अन्य सामग्री इन्हीं दुकानों में मिल रही है। जिसकी कीमत बहुत अधिक है। शहर के अधिकांश प्राइवेट स्कूलों की पुस्तकें और ड्रेस के लिए दुकानें फिक्स हैं। स्कूल और दुकान संचालकों का सिंडीकेट ऐसा कि स्कूल प्रबंधन ने किताबें और ड्रेस के लिए जहां का पता बता दिया, मजाल है कि ये किसी और दुकान से मिल जाए। कमीशन का यह खेल सालों से चल रहा है। सब जानते हुए प्रशासन मौन है ।

**तीसरी कक्षा की पुस्तक 6454 में खरीदी:** नए शिक्षा सत्र को 12 दिन गुजर चुके हैं। हर पालक की तमन्ना रहती है कि वे अपने बच्चे को अच्छे स्कूल में पढ़ाए। इसी सपने को साकार करने के लिए पालकों ने अपने बच्चों को मोटी फीस वाले महंगे प्राइवेट स्कूल में एडमिशन तो करा दिया है, लेकिन अब वे पुस्तकें व ड्रेस खरीदने के नाम पर लुट रहे हैं। हाल ही में डीईओ टीआर साहू से एक पालक ने शिकायत की है कि कक्षा तीसरी के छात्र को एक चुनिंदा दुकान से पुस्तक लेने कहा जहां कक्षा तीसरी की पुस्तक 6454 रूपए में आई है। इससे समझा जा सकता है कि 5 वीं 8 वीं 10 वीं और 12 वीं जैसी बड़ी कक्षाओं के पुस्तकों के क्या दाम होंगे।

### एनसीईआरटी की जगह निजी पब्लिशर की किताब

निजी स्कूल प्रबंधन एनसीईआरटी की बजाए प्राइवेट पब्लिशर की किताबें खरीदने का दबाव अभिभावकों पर बना रहे हैं। एनसीईआरटी की किताबों के मुकाबले निजी पब्लिशर की किताबों की कीमत भी छह से सात गुना तक ज्यादा बताई जा रही है। प्राइवेट पब्लिशर की किताबें अभिभावकों की जेब ढीली कर रही हैं।

### शिकायत मिलने पर कार्रवाई

सभी स्कूल प्रबंधकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी अभिभावक पर एक ही दुकान से सामग्री खरीदी के लिए दबाव न बनाया जाए। यदि इस तरह की शिकायत मिलती हैं तो संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- टीआर साहू ,डीईओ

## इधर, 117 अफसर बने निजी स्कूलों के मेंटर

निजी स्कूलों पर निगरानी के लिए कलेक्टर, एसपी, सीईओ, डीईओ सहित 117 अफसरों को मेंटर नियुक्त किया जा रहा है। जिला कलेक्टर अवनीश शरण बिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई के मेंटर बने हैं। वहीं जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान सेंट जेवियर्स स्कूल, एसपी रजनेश सिंह डीपीएस स्कूल और डीईओ टीआर साहू कृष्णा पब्लिक स्कूल के मेंटर बनाए गए हैं। इसके अलावा जिले के 553 निजी स्कूलों जहां आरटीई के तहत बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं वहां पर निगरानी के लिए कृषि, विपणन, स्वास्थ्य, पशुपालन सहित विभिन्न विभाग के 117 अफसरों को स्कूलों की गतिविधियों पर निगरानी, वहां से आने वाली समस्या और अभिभावकों की परेशानी सुनने के लिए मेंटर बनाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने बताया कि इन अफसरों को जिम्मेदारी दी गई है कि ये शिक्षा के अधिकार के तहत पढ़ाई करने वाले बच्चों की समस्याओं को दूर करें। कॉपी-किताब सहित अन्य गतिविधियों के नाम पर यदि फीस वसूली की शिकायत मिले तो जांच करें। इसके अलावा कोई भी बच्चे बीच में पढ़ाई न छोड़े इसका विशेष ध्यान रखते हुए उनके अभिभावकों की समस्याओं का निदान करना ही इनका मुख्य उद्देश्य होगा।

---

बन रही नई व्यवस्था, स्टेशन आने वालों को पार्किंग में ही गाड़ियों को रखना होगा

# रेलवे क्षेत्र की 5 सड़कें नो-पार्किंग जोन घोषित, वाहन रखते ही होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे क्षेत्र में जाम की समस्या को दूर करने अब रेलवे प्रबंधन ने एक नई पहल शुरू की है। रेलवे ने अपने 5 सड़कों को नो-पार्किंग जोन घोषित कर दिया है। प्रबंधन ये यह भी निर्णय लिया है कि यदि कोई भी इन सड़कों में दो पहिया या चार पहिया सहित अन्य वाहन खड़े करते हैं तो उसे तुरंत टोविंग वेन से उठा कर जुर्माना लगाने ले जाया जाएगा।

- नोपार्किंग में खड़ी गाड़ियों को टोविंग वैन से उठाया जाएगा

दरसल रेलवे स्टेशन आने वाले रास्तों में वाहन पार्किंग के चलते जाम और विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी। ऐसे में यात्रियों के वाहनों की बेहतर यातायात व्यवस्था के साथ ही एकीकृत सुरक्षा प्रणाली को लेकर रेलवे प्रशासन वाहनों की व्यवस्थित व सुरक्षित पार्किंग स्टैंड का प्रावधान किया है। यहां निर्धारित शुल्क देकर वाहनों को खड़ा किया जा सकता है। लेकिन पैसे बचाने जहां चाहे वहां वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे में अब रेलवे ने ज़ीरो गेट से स्टेशन चौक, आरक्षण कार्यालय भवन से चुचुहिया आरयूबी तक, स्टेशन चौक से तितली चौक और रेल्वे कोच रेस्टोरेन्ट से महेश स्वीट्स तक रेलवे क्षेत्र को नो पार्किंग क्षेत्र घोषित किया गया है। यदि यहां कोई भी वाहन पार्किंग करता है तो उसे टोविंग वेन से उठाकर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

**नो-पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर लगेगा 500 रूपए जुर्माना**

लाल लाइन से खींची गई रेलवे क्षेत्र की इन 5 सड़कों को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। यहां गाड़ी पार्क करने पर कार्रवाई होगी।

### 200 से 500 रूपए जुर्माना तय

रेलवे के अफसरों ने बताया कि नो पार्किंग क्षेत्र में वाहनों के पार्किंग होने से स्टेशन परिसर में यात्रियों के सुगम आवागमन के साथ ही साथ स्टेशन का सौंदर्यीकरण भी प्रभावित होता है। इसी के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने निर्णय लिया है कि नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी दो-तीन पहिया गाड़ियों को उठाकर एक निर्धारित स्थान गेट नं 4 के आगे टीआरडी ऑफिस के पास टोवेय जोन ले जाया जाएगा। दो पहिए गाड़ियों को 200 और चार पहिए को 500 रुपए शुल्क का भुगतान करने के बाद ही छोड़ा जाएगा। 6 घंटे के भीतर नहीं छुड़ाने की दशा में अतिरिक्त छोटे गाड़ी को 20 और बड़े को 50 रुपए प्रतिघंटे की दर से शुल्क देना होगा।

### निजी एजेंसी से ले रहे सहायता

4 सड़कों को नो-पार्किंग जोन घोषित किया गया है। नो पार्किंग में खड़ी चार पहिया वाहनों को वहीं पर क्लेंपिंग किया जाएगा तथा 500 रुपए शुल्क लेकर छोड़ा जाएगा। दो पहिए वाहन को टोविंग वेन से उठाकर जोन में लाया जाएगा। इससे 200 रूपए लिया जाएगा। इसके लिए निजी एजेंसी की सहायता ली जाएगी। शुल्क की रसीद इस कार्य के प्रभारी रेलवे कर्मचारी द्वारा दिया जाएगा। वाहनों को नहीं ले जाने की स्थिति में रेलवे नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करेगी।

- **अनुराग सिंह,** सीनियर डीसीएम रेलवे बिलासपुर

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का 200 लोगों ने उठाया लाभ

भूमिहार ब्राम्हण समाज के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित अतिथि।

**बिलासपुर।** शहजानंद सरस्वती भूमिहार ब्राम्हण समाज द्वारा महमंद 8 जुलाई को सामाजिक भवन में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम महमंद के लगभग 200 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर शिविर का लाभ उठाया शिविर में डॉ. अभय शर्मा, डॉ. डीडी राय, डॉ. केएन चौधरी,अपोलो के डॉ. मनोज राय, डॉ. राजकुमार शर्मा, शीला शर्मा की उपस्थिति में चिकित्सा परीक्षण के बाद जांच की। दवाईयों की सलाह दी गई।

- भूमिहार ब्राम्हण समाज का आयोजन

चिकित्सा परीक्षण में ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टेस्ट, हीमोग्लोबीन टेस्ट, न्यूरोपैथी टेस्ट, एचबीए 1सी टेस्ट, हार्ट के लिए ईसीजी टेस्ट भी किया गया। निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। मरीजों एवं परीक्षण कराए गए सभी लोगों को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत महमद के उपसरपंच नागेन्द्र राय, पंच दीनू पाल, सूरज साय सहित सभी पंचों का सहयोग रहा। सेवा देने वाले सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाज के अध्यक्ष नवीन सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन आसपास के ग्राम पंचायतों एवं नगर निगम के वार्डो में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आयोजित होता रहेगा। धन्यवाद राजीव कुमार ने ज्ञापित किया। राकेश दीक्षित ने कहा कि बहुत जल्द समाज के लोगों द्वारा पौधरोपण किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष नवीन सिंह, सचिव राजीव कुमार, राकेश दीक्षित, सुरेश प्रसाद सिंह, आरपीसिंह, पीएन राय, पारसनाथ राय, अमीय कुमार राय, अभयनारायण राय, मिथलेश पाण्डे, पंकज कुमार, कुंदन कुमार, रितेश कुमार, दिलीप कुमार, विजय कुमार राय, धनंजय कुमार, विकास तिवारी, शशि शर्मा, उमेश शर्मा, विकास कुमार, मंजेश कुमार, राजेश कुमार, मुरारी कुमार, आशुतोष प्रियदर्शी, अमित कुमार, शशि भूषण सिंह, एसके राय आदि मौजूद थे।

## मौसाजी के नए शोरूम का भव्य उद्घाटन

**बिलासपुर।** मौसाजी के नए आउटलेट का उद्घाटन रविवार को किया गया। इस ब्रांच को खोलने का मुख्य उद्देश्य फास्ट फूड, स्वीट्स और बैकरी जैसे आइटम्स प्रदान कर लोगों को अपने स्वाद से संतुष्ट करना है।

शहर के विजयपुरम गेट सीपत रोड स्थित नए मौसाजी ब्रांच का शुभारंभ पूरे मौसाजी फैमिली के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मौसा जी परिवार के साथ छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक अमर अग्रवाल, अटल श्रीवास्तव, मौसाजी के डायरेक्टर अनिल खंडेलवाल, सुशांत शुक्ला, धरमलाल कौशिक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। मौसाजी शहर में लगातार कई वर्षों से अपने नए-नए ब्रांच खोलकर लोगों को सुविधा

**बिजनेस प्लस**

प्रदान करते आ रहे हैं। मौसाजी के डायरेक्टर श्री खंडेलवाल ने बताया कि आउटलेट को खोलने का उद्देश्य शहर के लोगों को तरह-तरह के स्वादिष्ट पकवान उपलब्ध कराना है। इसमें दिल्ली की लजीज चाट, चाइनीज आयटम सहित पूरी वेरायटी की मिठाई बेकरी आयटम एवं प्रीमियम मिठाई उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही उपहार देने के लिए ढेरों आयटम शहर के लोगों को उपलब्ध कराना है।

### पुलिस परिवार कल्याण चिकित्सालय पुलिस लाइन पुनः प्रारंभ

**बिलासपुर।** काफी लंबे समय से बंद पड़ा पुलिस लाइन स्थित पुलिस परिवार कल्याण चिकित्सालय फिर से शुरू हो गया है। इसका शुभारंभ 8 जुलाई को कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह की उपस्थिति में हुआ । पुलिस कल्याण चिकित्सालय में अब रोस्टर सिस्टम के हिसाब से जिले के प्रमुख डाक्टर अपने सेवा देंगे। चिकित्सा अधिकारी डा. प्रशांत गुप्ता ने सोमवार को सेवाएं दी। इसी प्रकार मंगलवार को चिकित्सा अधिकारी डा. ममता सलूजा सुबह 10 से 12 दोपहर बजे तक, भेषज विशेषज्ञ डा. अनिल गुप्ता बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक, चिकित्सा अधिकारी डा. अकांशा सिंह गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ कतलम सिंह ध्रुव शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे अपनी सेवाएं देंगे।

---

लोको पायलट्स, गार्ड ने केबिन में गर्मी का उठाया मुद्दा, कहा-

# रनिंग रूम में सफाई व खाने की क्वालिटी में सुधार की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर। बिलासपुर। मंडल रेलवे द्वारा लोको पायलट,-गार्ड (रनिंग स्टाफ) के साथ मीडिया कर्मियों की वार्ता आयोजित की गई। इसमें लोक पायलटों ने अपनी समस्या शेयर करते रेलवे बोर्ड से उनकी आवश्कताओं को शीघ्र पूरा करने की मांग की। इसमें उन्होंने बताया कि बिलासपुर मंडल पूरे भारतीय रेलवे में न केवल सर्वाधिक लदान करने वाला अपितु सबसे अधिक राजस्व देने वाला रेल मंडल है।

युवाओं के बीच रेलवे में सेवा देने के लिए न केवल अत्यधिक क्रेज है, बल्कि समाज में लोको पायलट और गार्ड की नौकरी को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। लोको पायलट ने परिचालन के दौरान गर्मियों में लोको केबिन के भीतर के उच्च तापमान का मुद्दा उठाया। वहीं रायगढ़ स्थित रनिंग रूम में साफ सफाई और खाने के स्तर में सुधार की मांग की।

अकलतरा रनिंग रूम में लगातार वाइब्रेशन, अनाउंसमेंट की समस्या रहती है। इसे शीघ्र दूर करने की जरूरत है। गार्ड, ड्राइवर के टूलबॉक्स को हटाने का मुद्दा भी उठा। वहीं महिला लोको पायलटों ने इंजन में प्रसाधन की सुविधा का मामला उठाया। इस दौरान प्रबंधन की ओर से उपस्थित अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में लगभग 4 हजार लोको पायलट के पदों पर भर्ती की जा रही है। हर क्षेत्र में लगातार सुधार किया जा रहे है। रेल अफसरों ने बताया कि बिलासपुर लोकोशेड में वर्तमान में लगभग 200 लोको हैं, जिसमें 181 लोको में एसी की सुविधा रेट्रो फिटमेंट के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है, जो कि रनिंग में है । शेष 19 लोको में भी जल्द ही एसी की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी ।

उन्होंने बताया कि नए बन रहे लोको में एसी की सुविधा पहले से उपलब्ध कराई जा रही है। रायगढ़ रनिंग रूम में साफ सफाई और खाने के स्तर में सुधार के लिए लगातार मानीटरिंग की जा रही है और वहां की समस्याओं को तत्काल दूर करने का आश्वासन अफसरों ने दिया।

### 7 करोड़ की लागत से अकलतरा में बनेगा नया रनिंग रूम

चर्चा के दौरान रेल अफसरों ने लोको पायलटों को आश्वासन दिया कि अकलतरा में एक नए रनिंग रूम बनाने का प्रस्ताव 7 करोड़ की लागत से किया गया है और इस पर जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। गार्ड, ड्राइवर के टूल बॉक्स को हटाने का मुद्दा भी उठाया। इसमें यह उल्लेख किया गया कि रेलवे बोर्ड के द्वारा आवश्यक टूल किट को इंजन में ही उपलब्ध कराया जा रहा है । साथ ही टूल किट के आवश्यक उपकरणों को आवश्यकतानुसार कम भी किया गया है। महिला लोको पायलटों के लिए इंजन में प्रसाधन की सुविधा के लिए जगह चिन्हित की जा रही है एवं इस सुविधा को उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा ।

---

**एजुकेशन प्लस**

## एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में छात्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल कैम्पस में सोमवार 8 जुलाई को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें डॉ. चंद्रभूषण देवांगन, डॉ . बीपी चंद्रा तथा डेंटिस्ट डॉ. रागिनी देवांगन की अगुआई में स्वास्थ्य शिविर सफल रहा। इस शिविर में नर्सरी कक्षा से लेकर बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों का हेल्थ चेकअप किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण करना था बल्कि विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी था । डॉक्टर्स की टीम ने सभी बच्चों का चेकअप किया। उन्हें पोषक तत्वों से युक्त संतुलित आहार लेने, फास्ट फ्रूड का सेवन न करने, खाने से पहले अच्छी तरह से हाथ धोने तथा साफ-सफाई का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ . अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एस के जनास्वामी, प्रिंसिपल जीआर मधुलिका ने भी बच्चों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित बातें बताते हुए उन्हें अच्छे स्वास्थ्य के महत्व तथा उसके लाभ के बारे में जागरूक किया।

## एलसीआईटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** एलसीआईटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इसमें बिलासा गर्ल्स कालेज की सहायक प्राध्यापक डा. कावेरी दाबड़कर ने महाविद्यालय के टीचिंग व नान टीचिंग स्टाफ को एनईएफ 2020 से संबंधित प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 से सभी महाविद्यालयों में नेशनल एजुकेशन पालिसी प्रारंभ हो रही है। इसमें ग्रेजुएशन का चार वर्षीय पाठ्यक्रम होगा।

इसमें शिक्षण प्रणाली में जो परिवर्तन हो रहे हैं उसके अंतर्गत विद्यार्थियों के सतत आंतरिक मूल्यांकन, चार वर्षीय सेमेस्टर पद्धति में मूल्यांकन प्रणाली जिसमें विद्यार्थियों को आनर्स के साथ रिसर्च की भी डिग्री मिलेगी। उन्होंने करिकुलम में आने वाले संशोधनों की भी जानकारी दी। प्राचार्य डा. शुक्ला ने बताया कि संस्था में महाविद्यालय स्तर पर एनईपी 2020 क्रियान्यन के लिए समिति का गठन किया गया। इसके संयोजक डा. नगमा कौसर सिद्दीकी एवं सिटी के सदस्य डा. अर्जुन सिंह चौहान, डा. निशु सिन्हा, सुश्री शादिया खानम अली, राजीव लोचन शर्मा है। प्राचार्य डा. अर्चना शुक्ला, उप प्राचार्य अभिनव पाल, उमेश पटनायक, अभिषेक केशरवानी, शेख आदिल डल्ला, डा. अरुण वर्मा सहित बड़ी संख्या में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व सहायक प्राध्यापक एवं नान टीचिंग स्टाफ मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एन शैलजा रेड्डी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रतीक्षा पाण्डेय ने किया। यह जानकारी किरण कौर राणा ने दी।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## सम्मान

### बौद्ध महासभा ने प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

**बिलासपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा बिलासपुर द्वारा आरक्षण के जनक क्षत्रपति शाहूजी महाराज की जिला स्तरीय जयंती का कार्यक्रम डॉ. अम्बेडकर सामाजिक भवन मगरपारा में आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभावान छात्रों को बौद्ध धम्म की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम अतिथियों ने साहू महराज व डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्जावलन के बीच बुद्ध वंदना की। इसके बाद 10वीं एवं 12वीं के 80 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण बच्चों को बौद्ध धम्म से संबंधित पुस्तक, मेमोन्टो प्रशस्ति- पत्र देकर शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में कक्षा 10वीं की प्रिंसी कुर्रे, आलिशा, रिमा खाण्डे, पायल बर्मन, नम्रता, चन्द्रसेन टण्डन, ओजस मेश्राम, मनीष बर्वे, हरेश अहिरवार, उदिता मोडघरे, कृतिका रावत, दामिनी, हृद्धिमा बागड़े, कक्षा 12वीं की प्रिया बांधेकर, लोकेश रायकर, अक्षत टण्डन, दीपिका टण्डन, क्षितिज बंजारे, चांदनी हुमने, श्रद्धा बांधेकर आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पंकज टेमुर्णिकर मेडिसीन विभाग प्रमुख सिम्स ने कहा कि सभी बच्चों को पढ़ाई में अधिक समय देना चाहिए। जीवन में पढ़ाई का क्या महत्व है, इस बात को भी समझाया। उन्होंने 20 बच्चों को 10,000/- रू. प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के जिला अध्यक्ष राजेश हुमने ने कहा कि आरक्षण के जनक साहू महाराज से प्रेरणा लेते हुए महिलाओं की शिक्षा पर जोर दिया और कहा कि शिक्षा से ही समाज की उन्नति होती है।

**आरक्षण के जनक क्षत्रपति साहू महाराज की जयंती पर कार्यक्रम**

## धर्म क्षेत्र

### श्रीमद भागवत कथा में अमृतरस का पान कर रहे श्रद्धालु

**बिलासपुर।** टिकरापारा गुजराती धर्मशाला में 4 जुलाई से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वृद्धावन से पधारे कथा वाचक देवेन्द्र उपाध्याय शास्त्री अपनी मधुरवाणी से श्रद्धालुओं को भक्तिरस का पान करा रहे हैं। कथा के पहले दिन परीक्षित जन्म, द्वितीय दिन भीष्म स्तुति, सुकागमन, कपि लोपारत्यान, सती एवं ध्रुव चरित्र पर प्रकाश डाला गया। इसी तरह तीसरे दिन जड़ भरत, अजामिल, नरसिंह अवतार के संदर्भ में कथा वाचन किया गया। कथा के चौथे दिन गजेन्द्र मोक्ष, समुद्रमंथन, बली वामन, राम एवं कृष्ण जन्म के संदर्भ में तथा भगवान श्री कृष्ण के जीवन, उपदेश व विभिन्न लीलाओं का सजीवता से वर्णन किया गया। कथा के मध्य बच्चों ने नरसिंह अवतार सहित भगवान की विभिन्न लीलाओं से संबंधित रोचक नृत्य व नाटक कर दर्शकों का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति से भरे नाट्य मंचन का खूब आनंद उठाया। पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। भक्तिगीत का श्रद्धालुओं ने बहुत आनंद लिया। उक्त श्रीमद भागवत कथा का आयोजन केपी गुप्ता द्वारा अपनी पत्नी स्व. बेला गुप्ता की स्मृति में कराया रहा है।

## स्थापना दिवस

### दिव्यांगों की शिक्षा, स्वावलंबन के लिए हो सतत कार्य

**बिलासपुर।** दिव्यांग सेवा केंद्र आरोग्य हॉस्पिटल में राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सक्षम का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया गया। संगठन मंत्र एवं सक्षम गीत के बाद सक्षम के दृष्टिकोण, परिकल्पना, आठ आयामों, आठ प्रकोष्ठों आदि विषयों पर कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखें। अतिथियों ने दिव्यांगों की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सामाजिक विकास के लिए सतत कार्य करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिंपी होरा, विशिष्ट अतिथि राधा रमन सिंह थे। अध्यक्षता डॉ प्रशांत द्विवेदी अस्थि रोग विशेषज्ञ ने की। कार्यक्रम में रामकली तिवारी, राधा रमन सिंह को सक्षम का आजीवन सदस्यता लेने पर एवं दिव्यांग मित्र योजना में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले शेफाली, निर्मल घोष, रेखा, मदन मोहन गुल्ला एवं रिम्पी होरा का सम्मान किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने के लिए 50 कपड़े के थैलों का वितरण भी किया गया। सक्षम की महत्वाकांक्षी योजना, जागरूक परिवार स्वस्थ शिशु के लिए कार्य योजना बनाई गई। इस योजना का उद्देश्य शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ शिशु का जन्म हो, इसके लिए गर्भवती माता एवं उसके परिवार जनों को जागरूक करना है। दिव्यांग भाई बहनों के लिए उपयोगी सरकारी योजना एवं सक्षम की अनिवार्य वार्षिक कार्य योजना के बारे में जानकारी दी गई।

**इनकी रही उपस्थिति :** कार्यक्रम में अनूप कुमार पांडेय, लता गुप्ता, संगीता शर्मा, अश्वनी पांडेय, डॉ भूमिका साहू , सुमिता दास गुप्ता, गार्गी, विद्या साहू, मेहर पात्रे, रत्ना सोनी, मंजू यादव, सोनिया साहू , त्रिवेणी यादव, मनोज शर्मा, रमा कुर्रे, सुरेखा भारती, रवि शंकर, रश्मि दीक्षित उपस्थित थे।

बारिश का दौर शुरू होते ही घरों में हरियाली के शौकीन परिवार व्यस्त हो गए हैं। घरों की छत पर अब केवल सजावटी फूल ही नहीं आर्गनिक वेजिटेबल भी लगाए जा रहे हैं। बागवानी के लिए यह अच्छा समय है जब आप अपने टेरेस को सुंदर बना सकते हैं।

# अब घर में फूलों की महक के साथ आर्गनिक सब्जियां भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गार्डनिंग का शौक रखने वाली अंजली यादव ने बताया कि इससे ना केवल पर्यावरण सरंक्षित हो रहा बल्कि लोगों को इससे मैंटली व फिजिकली शांति भी मिल रही है। बारिश का मौसम फल, फूल और सब्जियों के लिए सबसे उपयुक्त होता है। गार्डनिंग करने वाले लोग बारिश शुरू होने के पहले ही पौधे लगा लेते हैं। इस मौसम में लगाए पौधे जल्दी विकसित होते हैं। अब लोग औषधीय पौधे भी अपने गार्डन में लगा रहे हैं। अपने गार्डन को फलदार, फूलदार और सब्जियां से भरा बनाने के लिए शहरवासी गार्डनिंग एक्सपर्ट की सलाह ले रहे हैं, जिससे वे वर्षा में अच्छी बागवानी कर सकें।

### नई जनरेशन को भी गार्डनिंग का महत्व जानना जरूरी

स्मिता जोशी ने कहा कि मानसून को पेड़-पौधों के लिए अनुकूल माना जाता है। बारिश के सुहाने मौसम गार्डन को खिला-खिला रखता है। गार्डनिंग के शौकीन लोगों के लिए यह बहुत ही बेहतर समय है। मैंने अपने घर के गार्डन में फूल, फल और सब्जियों के पौधे लगाए हैं। मुझे लगता है कि हमने आने वाली जनरेशन को सिखाना बहुत जरूरी है। इन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना होगा। मेरी 12 वर्ष की बेटी भी गार्डनिंग करती है। जामुन और आम की गुठलियों को फेंकने की बजाय उसे लगाने के लिए बताए।

### घर की ताजी सब्जियों की बात ही अलग

सिम्स डॉ चंद्रहास ध्रुव ने बताया कि बारिश आते ही मौसम सुहावना हो जाता है और गार्डनिंग करने का अलग मजा है। हम घर के गार्डन में सब्जियां भी उगाते हैं। इस मौसम में टमाटर, बैगन, ककड़ी, तुरई, धनिया, मिर्ची आदि लगाने की तैयारी है। पूरी सब्जियां आर्गेनिक ही रहती हैं, इसमें किसी भी प्रकार के उर्वरक का प्रयोग नहीं करते हैं। घर में लगाई गई सब्जियों में मिलावट नहीं होती है। इसलिए बीमारी होने का भी कोई खतरा नहीं होता है। आजकल बाजार में मिलावटी चीजें आ रही है, जिससे दिक्कत हो सकती है। गार्डनिंग दिनचर्या में शामिल हो गया है, इससे शरीर को भी आनंद मिलता है।

### गलमेहंदी, बोगनविलिया, रेन लिली, गुड़हल के पौधे लगा रहे

सरकंडा निवासी अहिल्या श्रीवास ने बताया कि उन्हें गार्डनिंग का बहुत शौक है। बारिश में हम बहुत सारे सुगंधित फूलों के पौधों को लगाते हैं। ताकि बगिया रंग-बिरंगी रहे। गार्डनिंग एक्सपर्ट की सलाह पर गलमेहंदी, बोगनविलिया, रेन लिली, गुड़हल के पौधे लगा रहे हैं। पहले गर्मी में गार्डन मुरझा जाते थे। एक्सपर्ट की सलाह पर पौधे लगाते हैं और बारिश आने से एक बार फिर गार्डन की रौनक बढ़ गई है। हर मौसम में अपने घर के गार्डन को हरा-भरा रखते हैं।

महाप्रभु के सम्मान में मौसी मां मंदिर में हुआ सत्संग

## राउरकेला के कलाकारों ने दी सांस्कृतिक व भजनों की प्रस्तुति

**बिलासपुर।** रेल्वे स्थित श्री मौसी मां मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ के सम्मान में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसमें राउरकेला के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इसका उपस्थित लोगों ने देर रात तक आनंद लिया। सुबह विशेष पूजा कर श्रद्धालु भक्तों ने विविध तरह के भोग भी लगाए।

श्री जगन्नाथ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि रथयात्रा के बाद महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ मौसी मां मंदिर पहुंच गए है। यहां उनके सम्मान में पूरे 8 दिन तक कल्चरल प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत सत्संग, भक्तिमय हिंदी, उड़िया गीत-संगीत एवं नृत्य पेश किए जाएंगे। इसी के तहत सोमवार के हुए आयोजन में सबसे पहले उत्कल बिलास पत्रिका का विमोचन किया गया। इसके बाद कैवल्य पसरा ग्रुप राउरकेला ओडिशा के कलाकारों ने भजन सत्संग पेश किया। वाद्य यंत्रों के बीच पेश भजन संध्या से माहौल भक्तिमय बना रहा। मंगलवार 9 जुलाई को शाम 7 बजे से सत्संग का कार्यक्रम रखा गया है। इस मौके पर समिति के सदस्य एवं कला प्रेमी भारी संख्या में उपस्थित थे।

### महाप्रभु को लगाए गए भोग

मौसी मां मंदिर में विराजित महाप्रभु जगन्नाथ की सुबह विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालु भक्त अपने घरों से भोग बनाकर भगवान को अर्पित कर रहे हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि महाप्रभु के यहां रहते तक विविध तरह के पकवान उन्हें अर्पित किए जाएंगे। 15 जुलाई को महाप्रभु बहुड़ा यात्रा के साथ पुनः श्री मंदिर पहुंच जाएंगे।

श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में चल रहा आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव

## बगलामुखी देवी की चन्द्रघण्टा, षोडशी देवी के रूप में की गई पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसमें नवरात्र के तीसरे दिन प्रातःकालीन श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार चन्द्रघण्टा एवं षोडशी देवी के रूप में किया गया।

मंदिर में श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया अभिषेक, भगवान श्री राम का पूजन एवं श्रृंगार किया गया। प्रतिदिन रात्रिकालीन 8 से 12:30 बजे तक पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ कर महाआरती की जा रही है। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि मां के अंदर 16 कलाएं विद्यमान हैं, जिसके कारण इन्हें षोडशी के नाम से जाना जाता है। उनके अद्भुत स्वरूप, जो कि तीनों लोकों में अतुलनीय है, के कारण उन्हें त्रिपुर सुंदरी कहकर बुलाया जाता है। जिस आसान पर मां विराजमान हैं, उस आसन को भगवान शिव, विष्णु, ब्रह्मा, शिव के ही दो अन्य स्वरूपों ने अपने सिर पर उठाए हुए हैं। उस आसान पर भगवान शिव आरामदायक मुद्रा में लेटे हुए हैं, जिनकी नाभि से एक कमल का पुष्प निकला हुआ है, जिस पर मां त्रिपुर सुंदरी विराजमान हैं। मां का वर्ण स्वर्णिम है और उनके शरीर पर लाल रंग का वस्त्र शोभायमान है। महादेव के समान ही उनके माथे पर तीसरा नेत्र है। मां अपने चतुर्भुजी स्वरूप में विराजमान हैं। श्री पीताम्बरा पीठ में दीपेश-अमिता पाण्डेय की पुत्री कु. गौरी पाण्डेय का मुंडन संस्कार भी कराया गया।

**कार्नर न्यूज**

ज्येष्ठ नागरिक संघ ने हरिहर आक्सीजोन में लगाए पौधे

## पौधरोपण पर्यावरण की दिशा में एक अच्छा कदम : चंद्राकर

**बिलासपुर।** एक पेड़ मां के नाम को सार्थक करते हुए शहर के अनेक संगठनों ने सोमवार को कई स्थानों में पौधरोपण किया। सेंदरी स्थित हरिहर आक्सीजोन के सदस्यों के साथ ज्येष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित, सचिव सत्य भामा अवस्थी व सदस्यों ने भी पौधे लगाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज चंद्राकर एडिशनल एसपी यातायात, डॉ मढ़रिया व डॉ केके साव थे। हरिहर आक्सीजोन के भुवन वर्मा, ज्येष्ठ नागरिक संघ के सह सचिव बालगोविंद अग्रवाल, संरक्षक अनिल व्यास, प्रभात मिश्रा, नित्यानंद अग्रवाल, अरविन्द दिवा कीर्ति एवं मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने भी एक पौधा मां के नाम लगाया। अतिथि श्री चंद्राकर ने हरिहर आक्सीजोन की हरियाली व लगाए पौधे को पर्यावरण की दिशा में एक अच्छा कदम बताया।

एक पेड़ मां के नाम के तहत शहर में हो रहा निरंतर पौधरोपण

## राजस्व कालोनी में पौधे लगा कर लिया संरक्षण का संकल्प

एक पेड़ मां के नाम के तहत सरकंडा स्थित संजय हाईट्स में निवासरत लोगों ने राजस्व कालोनी में पौधरोपण किया एवं उसके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए।

कालोनी के ब्रजेश बाजपेई ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के निमित्त मां शीतला की पूजा अर्चना कर पहले नीम का पौधा रोपित किया गया। इसके बाद राजस्व कालोनी स्थित सामुदायिक भवन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। पौधों की देखरेख की भी जिम्मेदारी ली जाएगी। उन्होंने कहा कि दिन प्रतिदिन बढ़ रहे तापमान ने सबकी चिंता बढ़ा दी है। गर्मी से राहत पाने पौधे लगाना ही एकमात्र उपाय है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सोसायटी के सदस्यों ने वृहद स्तर पर पौधे लगाने एवं उसे संरक्षित करने का निर्णय लिया है।

**इनकी सहभागिता :** पौधरोपण कार्यक्रम में कॉलोनी के बृजेश बाजपेई, ओमप्रकाश मिश्रा, डॉ. विभा मिश्रा, स्वरांजलि विंचूरकर, सीरत कौर, कु. रूचिका विंचूरकर, अनुष्का मिश्रा, मृदुल वल्लभ सहित सोसायटी के अन्य लोगों की सहभागिता रही।

### सिटी कोतवाली परिसर में नगर पुलिस अधीक्षक ने किया पौधरोपण

थाना सिटी कोतवाली परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पुलिस अधीक्षक पूजा कुमार व थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एसआर.साहू स्टॉफ के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान सभी सदस्यों ने लगाए गए पौधे की सुरक्षा का संकल्प लिया। आम जनता से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

### लायंस क्लब वसुंधरा ने किया पौधरोपण

डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत लायंस क्लब वसुंधरा ने तहसील कार्यालय सकरी प्रांगण पौधरोपण किया। इसमें अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी द्वारा तैयार किए गए मधु कामिनी, बरगद, आम, नीम, पीपल, अशोक के पौधे लगाए गए। यह कार्यक्रम उपाध्यक्ष चांदनी सक्सेना की ओर से रखा गया था। कार्यक्रम में अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अर्चना तिवारी, उपाध्यक्ष चांदनी सक्सेना, मंगला कदम, विनीता मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष सुधा परिहार, मंजू मिश्रा, उषा मुदलियार का सहयोग रहा।

कस्तूरबा नगर पारिजात एक्सटेंशन में साईं मौली परिवार द्वारा पौधारोपण किया गया।

## खबर संक्षेप

### गोल्फ में हंसनी ने स्वर्ण, लोकेश्वर दुर्गेश ने कांस्य पदक जीता

**लोरमी ।** राष्ट्रीय जूनियर व सब जूनियर मिनी गोल्फ चैंपियनशिप का आयोजन इंदौर में किया गया। चैंपियनशिप में हंसनी कुर्रे ने जूनियर वर्ग में खेलते हुए एकल विधा में स्वर्ण पदक व मिश्रित विधा में कांस्य पदक जीता। बालक जूनियर वर्ग में लोकेश्वर साहू व दुर्गेश साहू ने युगल विधा में कांस्य पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ओवर आल चैंपियन बनी। खिलाड़ियों के पदक जीतने पर जिला मिनी गोल्फ संघ के विजय अग्रवाल, प्रशिक्षक सुबोध कुमार सिंह, ओमप्रकाश वन्दे, युगल सिंह राजपूत, दीपक कुमार बंजारा, संजीव कुमार साहू, मनोज कुमार साहू, राजेश पाटले, हिमेश जोशी ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गाली गलौज कर मारपीट अपराध पंजीबद्ध

**तखतपुर।** खेत से ट्रैक्टर ले जाने की बात पर आरोपियों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2, 296,3,5, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस के अनुसार पेण्ड्री श्री कुमार पाण्डेय थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह अपने खेत में कांटातार से घेरा करवाया था और थोड़ी देर बाद आरोपी रामगोपाल पाण्डेय ट्रैक्टर चलाते हुए अपने खेत में गया। जिसे शिवकुमार पाण्डेय पूछा कि खेत से क्यों ट्रैक्टर लेकर गए हो तब आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2, 296,3,5, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### लेनदेन को लेकर आरोपी ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** पैसे की लेनदेन को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2, 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह मजदूरी का पैसा लेने के लिए नवागांव 7 जुलाई को दोपहर 3 बजे गया हुआ था और जब वापस आ रहा था तो आरोपी सुनील मेहर शराब पीकर गाली गलौज करने लगा तथा मारपीट करने की धमकी देने लगा जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है। पुलिस ने धारा 115,2, 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### माध्यमिक शाला में साइबर की पाठशाला

**तखतपुर।** शासकीय जनक लाल मोती लाल पाण्डेय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला तखतपुर में साइबर की पाठशाला आयोजन किया गया। देवेश राठौर नगर निरीक्षक, आरक्षी केंद्र तखतपुर द्वारा साइबर की पाठशाला कार्यक्रम के माध्यम से साइबर क्राइम अंतर्गत ऑनलाइन ठगी, ऑनलाइन खरीदी में सावधानी, को एजुकेशन में उचित आचरण, बिना लाइसेंस के वाहन चालन, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में जागरूक रहने के टिप्स छात्र छात्राओं को दिए। इस अवसर पर प्राचार्य डीएच कुंजाम, श्रीकान्त मिश्र, संजय ठाकुर, सीबी देवांगन, सोनिया सोनी, नवेंदु ठाकुर, कुशल धुरी, आरक्षक सूर्यवंशी, आरक्षक सुश्री साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### सैय्यद नवाब

**बिलासपुर।** चांदनी चौक कुदूदंड निवासी सैय्यद नवाब का 8 जुलाई को इंतेकाल हो गया। उनका जनाजा 9 जुलाई को दोपहर बाद नमाज जोहर 2 बजे निवास स्थान से खामोश गंज कब्रिस्तान के लिए निकलेगा। वे पूर्व पार्षद सैय्यद सईद के छोटे भाई व रहीम, शमीम, नसीम, शिरीन के पिता थे।

### दाऊ राम दुबे

**सकरी।** ग्राम सैदा निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक दाऊ राम दुबे का रविवार 7 जुलाई को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दिलीप दुबे, संजय दुबे व तीन पुत्रियों के पिता थे।

## जिला खेल परिसर में समारोह का किया गया आयोजन

# साव ने किया 15 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में शामिल वार्डों के विकास के लिए किया शिलान्यास**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सोमवार को बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में शामिल वार्डों के विकास के लिए 14 करोड़ 73 लाख रुपए के 94 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया। जिला खेल परिसर में आयोजित समारोह की अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला ने की।

श्री शुक्ला के प्रयासों से ये तमाम विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। अधिकांश स्वीकृत कार्य सीसी रोड एवं नाली निर्माण तथा स्ट्रीट लाइट से संबंधित हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव एवं विधायक श्री शुक्ला ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत खेल परिसर में नीम के पौधे भी लगाए। श्री साव ने कहा कि पिछले 5 सालों में पहली बार विकास कार्यों के लिए लगभग 15 करोड़ की एकमुश्त राशि मिली है। बीजेपी सरकार नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिए संकल्पबद्ध है। शहरों के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के संबंध में केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री से जल्द ही और आवंटन मिलने की संभावना है ताकि हर जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्ति को रहने के लिए पक्का छत मिल सके। उन्होंने सभी को पेड़ लगाने का आह्वान किया।

भूमिपूजन करते डिप्टी सीएम अरुण साव एवं विधायक सुशांत शुक्ला।

### बदलेगी शहर की दशा एवं दिशा : सुशांत

इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि उप मुख्यमंत्री शहर की समस्याओं से अवगत हैं। धीरे-धीरे पूरी समस्याओं का समाधान होगा। इससे शहर की दशा एवं दिशा जरूर बदलेगी। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश सिंह, रामदेव कुमावत, जिपं सीईओ रामप्रसाद चौहान, अभिनव कुमार सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद, जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### लोरमी में ली बैठक

**लोरमी।** भाजपा कार्यालय में रविवार को विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी सीएम अरुण साव ने डबल इंजन की सरकार बनाने वाले सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सबकी मेहनत से लोरमी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।इससे कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ गई है। लोरमी में भी डबल इंजन की सरकार बनी है। इसी तरह सबकी जिम्मेदारी भी डबल हो गई है। हमें विकास के काम को निचले स्तर तक ले जाना है। लोगों की समस्याओं का समय पर निदान करना है। भाजपा की पहचान विकास के रूप में है। जबकि कांग्रेस सरकार पांच साल विकास कार्य नहीं कर पाई। इसलिए सत्ता से बाहर हो गई। उसकी पहचान विकास विरोधी की है। साव ने कहा कि अब नगरीय निकाय और पंचायत में भाजपा की सरकार बनानी है। इससे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से होगा। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने में आप लोगों की अहम भूमिका रही है। अब छत्तीसगढ़ के विकास के लिए काम करना है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कार्यकर्ताओं को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए संकल्पित किया।

## केंद्रीय मंत्री तोखन ने एनटीपीसी के अधिकारियों की ली बैठक

**सीपत।** केंद्रीय मंत्री बनने के बाद सांसद तोखन साहू का प्रथम सीपत आगमन सोमवार को हुआ। जिनका स्वागत सीपत भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओं द्वारा नवाडीह चौक पर किया गया। नवाडीह चौक पर दर्राभांठा के दिव्यांग महेंद्र पाल ने ट्राई साइकिल में आकर गुलाब भेंटकर तोखन का स्वागत किया।

स्वागत पश्चात मंत्री तोखन एनटीपीसी के जान्हवी गेस्ट हाउस पहुंचे। जहां एनटीपीसी के अधिकारियों के द्वारा शॉल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। मंत्री साहू ने सीपत परियोजना के स्टेज-1 कंट्रोल रूम तथा टरबाइन हाल का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम में उपस्थित कर्मचारियों के साथ बातचीत की तथा विद्युत उत्पादन संबंधी तकनीकों को समझा और कंट्रोल रूम के पश्चात लाइट वेट एग्रीगेट प्लांट का भी निरीक्षण किया। प्लांट से निकलने वाले राखड की शत प्रतिशत उपयोगिता के लिए एनटीपीसी सीपत द्वारा किए जा रहे प्रयासों की केंद्रीय राज्यमंत्री ने सराहना की। उन्होंने लाइट वेट एग्रीगेट प्लांट में कार्य कर रहे संविदा श्रमिकों से भी मुलाकात की। लाइट वेट एग्रीगेट प्लांट के निरीक्षण के बाद उन्होंने सीपीडबल्यूडी के अधिकारियों के साथ बैठक की। तत्पश्चात जन प्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए विभिन्न विषयों पर जानकारी हासिल की। इस दौरान किसान मोर्चा प्रदेश संयोजक द्वारिकेश पांडेय, दिलेन्द्र कौशिल, राहुल सोनवानी, चंद्रप्रकाश सूर्या, राज्यवर्धन कौशिक, अभिलेष यादव, नेता मन्नू सिंह ठाकुर, बांके बिहारी गुप्ता, बलराम पाटनवार, मदन लाल पाटनवार, शिव यादव, एमन लाल साहु, रामनिहोर सूर्यवंशी, शिव साहु, गंजेंद्र साहु, हरिशचंद्र श्रीवास, उर्विजेश कौशिक, कल्याणी साहु, राजेश आदि शामिल थे।

## मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

सोमवार को माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ग्राम तोरला सरगांव में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शोभा यात्रा से किया गया जो ग्राम भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंची। फिर नवनिर्मित मां कर्मा के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, पूजा हवन आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री तोखन साहू, अध्यक्षता डिप्टी सीएम अरुण साहू ने की।

प्रमुख अतिथि की विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, विधायक संदीप साहू, अंबालिका साहू नगर पंचायत सरगांव अध्यक्ष परमानंद साहू, इंदिरा साहू, रामजुडावन साहू, राजकुमार साहू, कैलाश सिंह ठाकुर, सुन्दर साहू, रणजीत सिंह हुरा, रिज़वान हक, संतोष फौजी आदि मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि समाज आज संगठित है। आपके संगठन की बदौलत ही आप सबके आशीर्वाद से भाजपा ने मुझे केंद्र में मंत्री बनाया है। मैं आप सबको विश्वास दिलाता हूं कि सरकार की योजनाओं का लाभ सर्व समाज को साथ में लेकर के साहू समाज का भी भला हो। सब की समस्याओं को दूर करने का प्रयास प्राथमिकता से करूंगा। आज साहू समाज के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है, और हम सबको अपनी जिम्मेदारी समझते हुए भक्त माता के आशीर्वाद से देश और समाज के विकास पर अपनी उर्जा लगानी है। डिप्टी सीएम अरूण साव ने कहा प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, अब सब काम सांय सांय हो रहा है। आप सबको मैं साथ लेकर के आप सब की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा आम जनमानस को मिल सके यह प्रयास सदा ही करता रहूंगा। इस इस दौरान धरमलाल कौशिक, लखनलाल साहू, पुहुप राम साहू सहित अन्य अतिथियों ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आसपास के गांव से आए हुए सामाजिक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डिप्टी सीएम अरुण साव।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**मल्हार।** पचपेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम जोंधरा मेन रोड पर बीती रात 10 बजे के आसपास बसंतपुर निवासी रमेश केवट पिता भानु प्रताप केवट 30 वर्ष बाइक सीजी 04 एलडी 7302 से आ रहा था। शिवनाथ नदी पुल के पास जोंधरा से लवन की ओर जा रहे रेत लोड ट्रैक्टर सीजी 22 डबलू 2513 ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। ट्रैक्टर की टक्कर लगने से रमेश केवट की घटना स्थल में मौत हो गई। घटना की सूचना पर पचपेड़ी पुलिस मौके पर पहुंच शव को पीएम के लिए भेज घटनाकारित ट्रैक्टर को जब्त कर फरार ट्रैक्टर चालक की पतासाजी में जुट गई है।

## पं. विश्वनाथ शर्मा नहीं रहे लोगों ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

नगर के ज्योतिषाचार्य पं. विश्वनाथ शर्मा का सोमवार को निधन हो गया। वे काफी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। महामाया पारा में स्थित मुक्तिधाम में श्री शर्मा का अंतिम संस्कार किया गया। इसमें बड़ी संख्या में नगरवासी सहित जनप्रतिनिधियों ने उन्हें विदाई दी।

उनके पुत्र रविकांत शर्मा ने बताया कि पं. विश्वनाथ शर्मा पूरे प्रदेश में ज्योतिषाचार्य, ज्योतिष मर्मज्ञ के नाम से जाने जाते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में धर्मनगरी रतनपुर में दो प्रमुख मंदिरों का निर्माण कर जन्मस्थली का नाम शीर्ष पर किया। नगर के हृदय स्थल भीम चौक पर श्री राधा माधव मंदिर जिसमें राजस्थानी कलाकृति का जीवंत रूप वर्णित है, वहीं रतनपुर बिलासपुर मार्ग पर स्थित शनिचरी बाजार के समीप भगवान श्री सिद्धि विनायक का दिव्य व भव्य मंदिर का निर्माण किया। जहां भगवान श्री गणेश का ब्लैक ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित अत्यंत आकर्षक व कलात्मक मूर्ति स्थापित है। पं. शर्मा के निधन की खबर मिलते ही लोग अंतिम दर्शन करने उनके निवास पहुंचने लगे। बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़ सहित आसपास के अन्य जगहों से उनके शुभचिंतक गृह ग्राम पहुंचकर उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। महामाया पारा स्थित मुक्तिधाम में श्री शर्मा का अंतिम संस्कार किया गया। इसमें विधायक अटल श्रीवास्तव, विभूति भूषण पांडेय, डॉ ललित माखीजा, जितेंद्र चौबे, राजीव शर्मा, राजीव अग्रवाल, दीपक सोनी, महान्त रमेश शर्मा, ताराचंद महराज, पालिकाध्यक्ष घनश्याम रात्रे, ब्लाक अध्यक्ष रमेश सूर्या, अनिल शर्मा, सुभाष अग्रवाल, आनंद नगरकर, पांडे, रोहिणी बैशवाड़े, चंद्रिका दास वैष्णव, सत्यम गुप्ता आदि मौजूद थे।

## स्कूल नहीं आते शिक्षक छात्रों ने की शिकायत

**तखतपुर।** शिक्षकों के स्कूल नहीं पहुंचने की शिकायत छात्रों ने एसडीएम से की है और कार्रवाई की मांग की गई है। छात्रों ने कहा कि कहा कि शाला के शिक्षक प्रदीप शर्मा व उनकी पत्नी शिक्षक दुर्गेश्वरी शर्मा स्कूल हमेशा लेट से आते है। उनके द्वारा कक्षा में कुछ पढ़ाया नहीं जाता। जिससे पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

हाईस्कूल के शिक्षक विकास सोनवानी के द्वारा पढ़ाया नहीं जाता। पुस्तक से कुछ भी पढ़ाया नहीं जाता है और शिक्षक तनवीर बानो द्वारा गाइड देखकर पढ़ाती है। हाईस्कूल में नए कक्षा का प्रवेश शुल्क भी अन्य जगह के हाईस्कूल से ज़्यादा फ़ीस लिया जा रहा है। प्राथमिक व मिडिल स्कूल में छात्राओं के लिए प्रसाधन की व्यवस्था सही नहीं है। साथ ही मध्यान भोजन के बारे में छात्रों ने शिकायत की उनको उचित मात्रा में भोजन नहीं दिया जाता है। पापड़, अचार कुछ भी नहीं मिलता। चावल अचुरा रहता है। भोजन में गुणवत्ता नहीं है । आयुष सिंह ठाकुर ने कहा कि शिक्षकों को अपने दाइत्वों का पालन करना चाहिए।

### कार्रवाई की जाएगी

एसडीएम कार्यालय में शिक्षकों के अनुपस्थित होने के शिकायत की जानकारी मिली है। जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किया जाएगा।

-जितेंद्र शुक्ला बीईओं तखतपुर।

## विधायक मोहले व कलेक्टर राहुल ने ग्राम छटन में एक पेड़ मां के नाम के संदेश के तहत लगाया पौधा

**मुंगेली।** विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर राहुल देव ने आज ग्राम छटन में ''एक पेड़ मां के नाम'' के संदेश के साथ पौधा लगाया।

उन्होंने जिलेवासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। विधायक श्री मोहले ने पेड़-पौधों की उपयोगिता एवं महत्व बताते हुए सभी लोगों से पौधा लगाने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेते हुए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। वन मंडलाधिकारी संजय यादव ने पौधारोपण करते हुए जिलेवासियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिक सोनवानी, एसडीएम पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पेंड्रा, गौरेला नपं को नपा बनाने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**पेंड्रा ।** पेंड्रा गौरेला नगरीय क्षेत्र से जनप्रतिनिधि मंडल ने डिप्टी सीएम अरूण साव को पेंड्रा, गौरेला नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने हेतु ज्ञापन सौंपा। डिप्टी सीएम ने मांगों को जल्द पूरा करने आस्वस्त किया है। प्रतिनिधि मंडल में पार्षद राकेश चतुर्वेदी, जिला सह कोषाध्यक्ष रितेश फरमानिया, उपाध्यक्ष नपं गौरेला संदीप जायसवाल श्रीकांत चतुर्वेदी, रमेश तिवारी, अमोल, शरद गुप्ता, खुल्लू राठौर, सुनीता राठौर, दिलीप विश्वकर्मा, मनीष श्रीवास, अरूण तिवारी, पीयूष अग्रवाल, गोलू राठौर, आशीष रमेश केशरी, निर्माण जायसवाल, राजकुमार रजक, सौरभ अग्रवाल, विभा सिंह नहरेल, संतोष साहू, दुर्गेश मिश्र मोहित राजपूत लाल सिंह, दीपक बंसल, तुलसी उइके मौजूद थे।

## नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**मुंगेली।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा गांव-गांव में निकाली गई। लोगों ने श्रद्धा व भक्ति के साथ भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना करते रहे। नगर में आज रजदूतियां का पर्व मनाया गया। श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा रथयात्रा का पूजा अर्चना किया गया। भगवान जगन्नाथ यात्रा निकाला गया। जिसमें भगवान की पूजा अर्चना करने भक्तों की भीड़ लगी रही। सोनारपारा स्थित राम मंदिर में भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर आज नगर में रथयात्रा निकाली गई। भगवान जगन्नाथ मंदिर से भाई बलराम व बहन सुभद्रा के साथ रथ में सवार होकर मंदिर से निकल कर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यह रथ यात्रा वापस मंदिर में जाकर समाप्त हुई।

### बामपारा में निकाली गई यात्रा

समीपस्थ ग्राम बामपारा में हर साल की तरह इस वर्ष अभी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। रथ यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर गली मोहल्ले, चौक-चौराहे पर पूजा अर्चना की गई। जनपद सदस्य श्रीमती जानकी साहू, प्रतिनिधि पूर्व जनपद सदस्य डॉ. रामकुमार साहू एवं पुजारी जवाहर के द्वारा पूजा अर्चना की गई।

### जनप्रतिनिधियों के साथ कोटा एसडीएम ने की बैठक

**रतनपुर।** विधानसभा और लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार चुनाव से पहले परिसीमन होना है, जिसे लेकर बैठकों का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। जनप्रतिनिधियों और आम लोगों की राय शुमारी के लिए रतनपुर में भी बैठक आयोजित की गई। धार्मिक नगरी रतनपुर में नगर पालिका चुनाव को लेकर नए परिसीमन के लिए सोमवार को कोटा एसडीएम के द्वारा नगर पालिका रतनपुर में जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें रतनपुर में जनसंख्या के आधार पर नगर पालिका में जनप्रतिनिधियों के द्वारा वार्ड बढ़ाने की मांग की गई। अभी वर्तमान में रतनपुर नगर पालिका में 15 वार्ड है, जिसे बढ़ाकर 21 वार्ड करने की मांग एसडीएम के समक्ष रखी गई।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक /Q / सीमांकन / रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक- 02/07/2024
प्रति,
1. आवेदक श्रीमती पुष्पा झा पति, आर. के. झा. आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
2. रेनू कुमारी 3. सवेश कुमार 4. राही गोड़ एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
विषय- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q / तह. / ना. तह. / वा. / 2024 बिलासपुर, दिनांक 12/06/2024

ग्राम लिंगियाडीह प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 15/1211 रकबा 0.0250 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक श्रीमती पुष्पा झा निवासी चिरमिरी के द्वारा छ. ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक. 25/07/2024 को समय 12:00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक, मोपका**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अभिलाषा परिसर तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट बी.-04/42 (प्रथम तल) मूल आबंटी 1. श्री संतोष कुमार केशरवानी पिता श्री शिवपूजन लाल केशरवानी एवं 2. श्रीमती चंदन केशरवानी पति श्री संतोष केशरवानी के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 09.05.2017 को पंजीकृत किया गया है आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्रीमती राजकुमारी पति श्री दिल केश्वर सिंह को विक्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास, निरतू (तखतपुर), बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास - 32 श्री उत्तरा कुमार वर्मा पिता स्व. श्री केश लाल वर्मा के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 01.10.2019 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 16.05.2024 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम श्रीमती सुरजा बाई मनहर पति श्री प्रकाश मनहर के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे आवास योजनान्तर्गत, मंगला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एम.आई.जी. डूप्लेक्स - 195, आबंटी श्री निमीष कुमार मिश्रा पिता श्री दिवाकर मिश्रा को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 13.08.2010 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 12.06.2024 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री विनोद कुमार जगत पिता श्री अरूण कुमार जगत के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर में निर्मित एल.आई.जी भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-320 श्रीमती कल्पना दुबे पति श्री सुदर्शन दुबे के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 03.01.2012 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्रीमती संगीता चन्द्राकर पति श्री कपिल कुमार चन्द्राकर को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पुराना नाम रितेश कुमार दुबे पिता स्व. श्री राधेश्याम दुबे अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम रितेश दुबे पिता स्व. श्री राधेश्याम दुबे निवासी मकान नं.-एल.आई.जी. -1081, दीनदयाल कॉलोनी मंगला बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख लिया हूँ। अतः अब मुझे भविष्य मे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज़ो मे नया नाम रितेश दुबे पिता स्व. श्री राधेश्याम दुबे से जाना एवं पहचाना जाए।

यह कि मैं अपने पुराना नाम रितेश कुमार दुबे के स्थान पर नया नाम रितेश दुबे के नाम से जाने वह पहचाने जाने के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**
**रितेश दुबे**
**पता- मकान नं.-एल.आई.जी.-1081, दीनदयाल कॉलोनी मंगला बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक आज

**मुंगेली।** जीवनदीप समिति जिला चिकित्सालय मुंगेली के कार्यकारणी समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 9 जुलाई मंगलवार को शाम 4.30 बजे जिला चिकित्सालय मुंगेली में आयोजित की गई है। बैठक में समस्त संबंधितों को उपस्थित होने के लिये निर्देशित किया गया है।

### दूषित पानी के उपयोग से संक्रमण फैलने की आशंका

**बेलतरा।** ग्राम पंचायत नेवसा की पानी टंकी की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि टंकी के ऊपर पानी में कीड़े पड़ रहे हैं। संबंधित अधिकारी अनिल प्रकाश वैघ सहायक अभियंता, मुकेश राव बहेकार उप अभियंता को सरपंच भरत लाल कश्यप के द्वारा जानकारी दिए जाने के बावजूद अधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं। इस तरह के पानी का उपयोग ग्रामीणों के द्वारा किए जाने से डायरिया फैलने का अंदेशा ग्रामीण जता रहे हैं। मामले की लिखित जानकारी ग्राम पंचायत नेवसा के सरपंच भरत लाल कश्यप के द्वारा सहायक अभियंता व उप अभियंता को दी गई है।

### निवेशकों की धनवापसी की कार्रवाई प्रक्रियाधीन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत कोरबा में अनियमित वित्तीय कंपनी/चिटफण्ड कंपनी सर्वमंगला प्रॉपर्टीज इंडिया लिमिटेड के निवेशकों के धनवापसी की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिले के कुछ निवेषकों द्वारा संबंधित चिटफण्ड कंपनी में निवेश से संबंधित मूल बांड पेपर प्रस्तुत नहीं किया गया है। धनवापसी हेतु निवेशकों द्वारा निवेश से संबंधित मूल बांड पेपर सहित अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराना आवश्यक है। मूल बॉण्ड पेपर उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निवेशक बांड पेपर की छाया प्रति, शपथ पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। जिससे उनके निवेशित राशि की भुगतान हेतु आगे कार्यवाही की जा सकेगी। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति कार्यालय कलेक्टर के नाजिर शाखा में कर सकते हैं।

### महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में उत्साह

**कोरबा।** महतारी वंदन जैसी योजना के बलबूते राज्य की गरीब महिलाओं में आत्मनिर्भरता की नींव को धीरे धीरे मजबूत करती जा रही है। महज चार महीनों में ही विष्णु सरकार की इस महतारी वंदन योजना ने छत्तीसगढ़ की न सिर्फ महिलाओं में अपितु घर-परिवार में भी खुशियों की वह मिठास घोल दी है। छत्तीसगढ़ में इस साल के 10 मार्च से महिलाओं के खाते में भेजी गई पहली किश्त एक हजार रुपए से आरंभ हुई छत्तीसगढ़ महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदेश की लगभग 70 लाख 12 हजार से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। साल में 12 हजार रुपये कोई छोटी रकम नहीं है। यह जरूरतमंद गरीब महिलाओं के लिए आर्थिक आधार भी है। मुख्यमंत्री विगत चार महीनों से लगातार हर महीने के पहले सप्ताह महिलाओं के बैंक खाते में इस योजना अंतर्गत एक हजार की राशि ऑनलाइन माध्यम से अंतरित करते हैं।

### पेट्रोल पंप परिसर में उठी चिंगारी, कई वाहन जले

**कोरबा।** रविवार की देर रात पेट्रोल पंप में उस समय हड़कंप मच गया था जब पेट्रोल पंप के बाहर खड़ी एक डीजी जेनरेटर गाड़ी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और आग देखते-देखते विकराल रूप ले लिया और डीजी जनरेटर गाड़ी के आसपास खड़े एक-एक कर तीन गाड़ी आग की चपेट में आ गए। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि आग के लपटें पेट्रोल पंप तक नहीं पहुंची अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। हालांकि आगजनी की घटना से गाड़ी मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुस्कान पेट्रोल पंप का संचालन किया जाता है। बताया जाता है कि पेट्रोल पंप में रोज की तरह कुछ गाड़ी मालिक अपनी गाड़ियों को पेट्रोल पंप परिसर में खड़ा कर चालक अपने-अपने घर चले गए थे और देर रात लगभग 12 बजे के आसपास पेट्रोल पंप परिसर में खड़ी एक डीजी जनरेटर गाड़ी में शॉर्ट सर्किट हुई और चिंगारी उठने लगी।

## धरने में जताया आक्रोश, मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन

# बिजली दरों में वृद्धि, कटौती के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर एवं मुगेली जिले में अनेक स्थानों पर बिजली दरों में वृद्धि, बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कोटा में विधायक अटल श्रीवास्तव ने चेतावनी दी की राज्य सरकार ने फैसला वापस नहीं लिया तो बड़ा आंदोलन करेंगे। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल रहे। धरने के पश्चात एसडीएम कोटा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत वितरण व्यवस्था को दुरूस्त करते हुए चेतावनी दी है कि जल्द व्यवस्था ठीक नहीं किए तो आंदोलन को बढ़ाया जाएगा।

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर प्रदेशभर में आंदोलन

धरने को विधायक अटल श्रीवास्तव, प्रभारी जितेन्द्र पाण्डेय, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि छह महीने की भाजपा सरकार जन उपयोगी सुविधाओं को प्रदान करने में असफल साबित हुई है। विशेषकर बिजली व्यवस्था को लेकर अटल ने कहा कि बिजली जरूरी व्यवस्था है। बिजली बंद होने से घरों में पानी की सप्लाई बंद हो जाती है। किसानों की समस्या उत्पन्न होती है। विशेषकर छोटे व्यापारी जिनका ऑनलाइन व्यवसाय है बंद हो जाने से रोजी रोटी की व्यवस्था बंद हो रही है। सरकार हर मार्चे पर फेल है, बिजली गोल है और मीटर चालू है। कांग्रेस लगातार धरना प्रदर्शन करेगी, जनता को राहत मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। कोटा क्षेत्र के सैकड़ों ट्रांसफार्मर बंद है। जिनको लेकर सड़क से सदन तक आवाज उठाई जा रही है। सरकार गंभीर नहीं है। धरना प्रदर्शन के माध्यम से जनता की अवाज उठाने का काम कांग्रेस कर रही है। ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने कहा देश में केन्द्र एवं राज्य सरकार की गलत नितियों के कारण कोयला संकट का आहट खड़ा कर बिजली कटौती हो रही है। आंदोलन में प्रमुख रूप से सुरेश सिंह चौहान, कुलवंत सिंह, संतोष गुप्ता, जब्बार खान, छोटू उपाध्याय फूलचंद गुप्ता, शतीस जोशी, शैलेष गुप्ता के साथ प्रदेश जिला ब्लॉक जोन सेक्टर बूथ अध्यक्ष, युवा कांग्रेस एन.एस.यू.आई, महिला कांग्रेस सेवादल किसान कांग्रेस, प्रकोष्ठो के पदाधिकारी, निर्वाचित एवं मनोनित जनप्रतिनिधि सहित समस्त वरिष्ठ काग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अघोषित बिजली कटौती व बिजली दर में वृद्धि को लेकर धरने पर बैठे कोटो विधायक अटल श्रीवास्तव व कांग्रेस जन।

### बिजली काटौती के विरोध में प्रदर्शन

**तखतपुर।** अघोषित बिजली कटौती व दरों में वृद्धि के विरोध में पुराना बस स्टैंड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रभारी विमल अग्रवाल ने कहा की तखतपुर नगर नही पूरे जिला का 6 माह से विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है हम आज पूरे छत्तीसगढ़ में आंदोलन के लिए बाध्य है। पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने कहा की छहं माह पूर्व कांग्रेस की सरकार थी लेकिन इतना बिजली गुल नही होती जितना आज हो रहा है। इस अवसर पर बिरझेराम सिंगरौल, अजय देवगन , मुन्ना श्रीवास, अजय सिंह, अवधेश शुक्ला, सुरेश सिंह ठाकुर, लक्ष्मी यादव, शिवेंद्र कौशिक, अनिल कौशिक, बिसाहुराम कश्यप ,पूर्व एल्डरमैन द्वय अजमत हुसैन नट्टू चंद्र प्रकाश देवांगन, जितेंद्र राज, बबलू गुप्ता, दिनेश देवांगन , सत्यम ताम्रकार बबलू पटेल, अनिल जांगड़े ,हेमंत कश्यप शैलेंद्र निर्मलकर, शैलेंद्र निर्मलकर राजवीर हूरा, सुखदेव कुर्रे अरुण कश्यप, करीम कुरैशी, मनोज यादव,परमेश्वर कश्यप हरीश राजपूत देवी साहू परमेश्वर सिंगरौल विकास राजपूत सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सीपत में किया प्रदर्शन, स्मार्ट मीटर वापस लेने की मांग

**सीपत।** अघोषित विद्युत कटौती, बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि व स्मार्ट मीटर योजना को जनहित में वापस लेने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत के कार्यकर्ताओं ने नवाडीह चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद ब्लॉक प्रभारी जगदीश कौशिक व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र धीवर की नेतृत्व में तहसील कार्यालय जाकर इस समस्या से निजात दिलाने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सुश्री सिद्धि गबेल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्लाक प्रभारी जगदीश कौशिक, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, मनोज खरे, प्रमोद जायसवाल, वीरेंद्र शर्मा, सुनील पटेल, पप्पू साहू, रामेश्वर साहू, उमेश चंद्राकर, अशोक राजवाल, बुटन पाटनवार, रामजी बिंझवार, दुर्गा तिवारी, प्रितेश पनौरे, मनोहर पात्रे, रामेश्वर धीवर, दीपक यादव, दिलीप मननेवार, उमेश कश्यप आदि शामिल थे।

### अघोषित बिजली कटौती सहित 13 समस्याओं के निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

**पेंड्रा ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिले में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय के पास सेमरा तिराहा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन कर कांग्रेसजनों ने एसडीएम को समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव, प्रदेश सचिव बूंद कुंवर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, नगरपालिका अध्यक्ष राकेश जालान, उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी पवन सुल्तानिया, डॉ नरेंद्र राय, ओमप्रकाश बंका, गुलाब राज, रमेश साहू, प्रशांत श्रीवास, अमोल पाठक, अशोक शर्मा, अर्चना पोर्ते, मनीष केशरी, पुष्पराज सिंह, शंकर पटेल, गजमति भानू, मो.सादिक खान, शंकर कँवर, वैभव तिवारी, संतोष ठाकुर, पवन केशरवानी, अजय राय, शारदा चरण पसारी आदि शामिल थे।

### मुंगेली के पड़ाव चौक पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**मुंगेली।** विद्युत दरों में वृद्धि व बिजली कटौती के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर के आह्वान पर शहर कांग्रेस कमेटी मुंगेली व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुंगेली ग्रामीण के संयुक्त संयोजन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन पड़ाव चौक मुंगेली में आयोजित किया गया। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा विद्युत विभाग के प्रभारी कार्यपालन अभियंता अंशु वासने को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। कार्यक्रम के जिला प्रभारी संजीत बनर्जी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार को अभी 1 साल भी पूरे नहीं हुए हैं और उनके द्वारा मनमाने तरीके से बिजली दरों में वृद्धि की जा रही है। जिले में खराब ट्रांसफार्मरों को सूचना के बाद भी हफ्तों तक नहीं बदला जा रहा है। मुंगेली शहर कार्यक्रम प्रभारी आत्मा सिंह क्षत्रिय ने बताया कि बिजली दरों में बढ़ोतरी से प्रदेश भर के किसान परेशान है।

### पथरिया में रैली के बाद तहसीलदार को सौंपा मांगों का ज्ञापन

**पथरिया ।** बिजली की दरों में वृद्धि व लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पथरिया के अध्यक्ष राजा ठाकुर के नेतृत्व में रैली निकाल कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार छाया अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेत्री जागेश्वरी वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है। ऊपर से बिजली के दामों में बढ़ोत्तरी किया है, यह जानता पर अत्याचार है। ब्लाक अध्यक्ष राजा ठाकुर ने कहा कि पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष जागेश्वरी वर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजा सिंह ठाकुर, दिलीप कौशिक, दीपक साहू, सम्पत जायसवाल, संतोष पाली, प्रेम भार्गव, आशुतोष पाण्डेय, सूरज, शुभाष, लाला, अभिषेक, प्रदीप व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मोपका में बिजली कटौती एवं मनमानी के खिलाफ दिया धरना

**मोपका ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलतरा के द्वारा एक दिवसी धरना प्रदर्शन किया गया। सेंदरी बिजली ऑफिस के सामने बेलतरा ब्लॉक कांग्रेस के बैनर तले बिजली कटौती एवं बिजली विभाग के मनमानी के खिलाफ जमकर धरना प्रदर्शन किया गया एवं उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर तहसीलदार एवं उप अभियंता बिजली विभाग के अधिकारी को ज्ञापन से सौपे। धरना प्रदर्शन में उदल सूर्यवंशी,अशोक सूर्यवंशी , संतोष कुमार,किशन पटेल,लाला यादव,गुलाला यादव,गणेश केवट,अशोक सूर्या,गणेशराम ,दयाराम मनहर, परमेश्वर सूर्यवंशी, दिलीप पटेल, टीकम सिंग,धरम यादव, रामेश्वर प्रसाद, sk खान, शंकर पटेल,छोटेलाल साव, समकुशल विश्वकर्मा, श्यामू पटेल,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं आम नागरिक उपस्थित थे । धरना प्रदर्शन के मौके पर पुलिस थाना कोनी के जवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### रतनपुर में बिजली की बेतहाशा कटौती के विरोध में धरना प्रदर्शन

**रतनपुर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा आज चपोरा में बिजली की बेतहाशा कटौती व बिजली बिल में बढ़ोतरी के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। विरोध दर्ज करने सड़क पर उतरे कांग्रेस नेताओं ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी आनंद जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, मदन कहरा, रामगोपाल क़हरा, यासीन खान, गोवर्धन आर्मो, जेएस आर्मो व बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद थे।

### सकरी में बिजली दफ्तर के सामने कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**सकरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सकरी द्वारा अघोषित बिजली कटौती व बिजली दर में वृद्धि के विरोध में विद्युत कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन उपरांत कांग्रेसजनों ने कलेक्टर के नाम पर सकरी तहसीलदार अश्वनी कंवर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पार्षद सुरेश टंडन, जोन अध्यक्ष राकेश दुबे, सेक्टर अध्यक्ष अजय कोल, राकेश सूर्या, लाली कोरी, सरफराज खान, हेमंत सवानी, हेमंत श्रीवास उपस्थित थे।

### लगरा में बिजली समस्याओं व कीमत वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**लगरा।** अघोषित विद्युत कटौती व बिजली बिल में बढ़ोत्तरी को लेकर आज सेंदरी बिजली आफिस के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्षन किया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता में आते बिजली की अघोषित कटौती और बिजली बिल में बढ़ोतरी कर आम लोगों पर मंहगाई का बोझ बढ़ा दिया है। लोग महंगाई को झेल रहे है। उपर से बिजली बिल में इजाफा कर आम लोगों की कमर तोड़ दी। वर्षा ऋतु में बिजली गुल होने से सांप, बिच्छु के काटने का भय हमेशा बना रहता है। विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। और सिंचाई के लिए बिजली का होना अनिवार्य है। धरना में स्थल कमलसेन, लक्ष्मी गहवाई, अनिल यादव, भूपेंद्र भारद्वाज, श्याम पटेल साखन दर्वे, मनीष गढेव़ाल, लाला यादव, रूपनारायण, उदल सूर्यवंशी, किसन पटेल, अमित सिंह, दिलीप पटेल, सुकदेव साहू, टीकम सिंह, गुलाला यादव आदि शामिल थे।

### जरहागांव में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

**जरहागांव।** अघोषित बिजली कटौती, बिजली दर में वृद्धि एवं लो वोल्टेज की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामचंद्र साहू के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना आंदोलन किया गया। पूर्व विधायक चुरावन मंगेशकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा सरकार आई है तब से बिजली कटौती की समस्या आम बात है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में इस प्रकार के बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या नहीं थी। धरना प्रदर्शन प्रभारी दिलीप बंजारा ने कहा कि अघोषित बिजली आदि समस्या को लेकर सभी लोग परेशान हैं। यह बिजली कटौती इस क्षेत्र में नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में हो रही है। ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र साहू ने कहा कि बरसात में जहरीले सांप, बिच्छू का खतरा बना रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सांप, बिच्छू के काटने की भी शिकायत मिल रही है।

### बीमारियों से बचाव के लिए सजग रहना आवश्यक

**मल्हार।** बरसात के मौसम में विभिन्न तरह की बीमारियों के संक्रमण से सावधानी पूर्वक रहने से बचा जा सकता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ हर्षदेव नापित ने इस मौसम में सभी को सजग रहने की सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए, खाने के पहले अच्छी तरह से हाथ धोना व आसपास सफाई रखना जिससे शरीर में कोई संकमण ना जा पाए। इसके अलावा बरसात में पानी उबालकर पीने की सलाह उन्होंने ने दी है। लोहर्षि पीएचसी आरएमए जय निरनेजक का कहना है कि मौसम के बदलाव के कारण विभिन्न संक्रामक बीमारियों का प्रकोप अन्य समय के मुकाबले गुणात्मक वृद्धि होती है। इसलिए बचाव के विभिन्न उपाय करना चाहिए। आइफ़्लू के बचाव के लिए भीड़ भाड़ वाली जगह से बचने की सलाह दी है ।

### सहारा जमाकर्ता व कार्यकर्ता संघ ने सीएम से की मुलाकात

**मुंगेली।** सीएम विष्णुदेव साय के जनदर्शन कार्यक्रम में चार जुलाई को सहारा जमाकर्ता व कार्यकर्ता कल्याण संघ के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह राजपूत व प्रदेश प्रवक्ता पंकज सोनी के नेतृत्व में मुलाकात की। इस दौरान सीएम से आग्रह किया गया कि प्रदेश के 25 लाख से अधिक सहारा पीड़ितों को करीबन 22 हजार करोड़ का भुगतान नहीं मिला है। जनदर्शन में पीड़ितों को निवेश की रकम दिलाने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि लगातार शासन-प्रशासन व पूर्ववर्ती सरकार का भी ध्यान प्रदेश संगठन आकृष्ट कराता रहा है। अब चूंकि केंद्र व राज्य दोनों में भाजपा की सरकार है तो सहारा रिफंड पोर्टल में विगत वर्ष जुलाई 2023 में प्रदेश के 25 लाख परिवारों ने आवेदन किया है। इस अवसर पर पवन जायसवाल, बृजेंद्र नामदेव, देवेंद्र साहू, राकेश कुमार, अजय देवांगन शामिल हुए।

### सरस्वती योजना के तहत सायकल वितरण

गौरेला। सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत मिश्रीदेवी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सायकल वितरण किया गया।

गौरेला के एकमात्र कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत 9वीं में प्रवेश करने वाली छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व साडा अध्यक्ष महेंद्र सोनी ने कहा कि कोई भी कन्या पढ़ाई से वंचित ना रहे। इसलिए सरकार ने यह योजना बनाई है। आप सभी नियमित विद्यालय आए और अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अच्छे नागरिक बने। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक शोभा पाठक, आभार प्राचार्य प्रमिला श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कल्लू सिंह राजपूत, पार्षद निलेश साहू, पार्षद मोहित राजपूत सहित विद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रही।

# स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से चातरखार में 600 पौधों का रोपण

**मुंगेली।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ शिक्षा विभाग के तत्वावधान में स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से कृषि महाविद्यालय चातरखार में 600 पौधों का रोपण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने कहा कि पौध रोपण हमारा कर्तव्य है और हमें अपने जीवनकाल में पौधों की देखभाल करनी चाहिए। जिला सचिव आकाश परिहार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुंगेली में इस वर्ष रिकॉर्ड तापमान रहा है और हम सभी इसे पौधारोपण के माध्यम से कम कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त मोरध्वज सप्रे, जिला संगठन आयुक्त गाइड रोहिणी ठाकुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त अमित गुप्ता, पीतांबर मानिकपुरी, दिनेश साहू, नीरज खुसरो, युगल किशोर ठाकुर, सुभाषिणी राजपूत, मोतीमा साहू उपस्थित थे।

### स्कूल में प्रवेश उत्सव के बाद किया गया पौधरोपण

**बेलतरा।** ग्राम टिकरी के मिनीमाता हायर सेकंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव में जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव शामिल हुए। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान माता सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी व संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर के छाया चित्र में पुष्प अर्पित किया गया। नव प्रवेशी बच्चों को आरती, तिलक कर पाठ्य पुस्तक वितरित कर प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर राजेश्वर भार्गव, राजकुमार अंचल, विज्ञान कांत, गजपाल चंद्रसेन, सुभाष टंडन, मालिकराम डहरिया, दीपक जोशी, पीके गेन्दले प्राचार्य, डीपी भारद्वाज व्खयाता, उमा रानी शुक्ला, मंजुप्रभा मिन, शुभ्रारानी चतुर्वेदी, शिप्रा खेमश, सिसधिया, अल्का उपाध्याय, समीक्षा दीवान, रजनी टंडन, प्रकाश रजक, आशीष मिश्रा, संजय कुमार पांडेय, टीआर खुटे प्रधान पाठक, मनोज बसंती, राहुल पटेल, गोपाल कोसले आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद पौधरोपण किया गया।

### शपथ ग्रहण समारोह में ब्रह्माकुमारी ने किया पौधरोपण

**भर्रीडांड़।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर संघ जिला शाखा के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन मरवाही स्थित नेचर कैंप में किया गया। इस उपलक्ष्य में पल्लवी राय द्वारा पौधरोपण व ब्रह्मकुमारी द्वारा मेडिटेशन फॉर हेल्थ का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, नपं अध्यक्ष किशन सिंह ठाकुर, पेंशनर संघ के अध्यक्ष हरिशरण सिंह, वन विभाग के एसडीओ मोहर सिंह मरकाम उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ वन एसडीओ मोहर सिंह मरकाम, पेंशनर संघ के कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द राय व अतिथियों ने सरस्वती पूजन से किया। कार्यक्रम में बीके दुर्गा ने सभी पेंशनर व अतिथियों को राजयोग मेडिटेशन की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक ने पेंशनर्स की समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया।

### एफएलएन का अंतिम चक्र का प्रशिक्षण

**लोरमी।** एफएलएन का प्रशिक्षण पहली से पांचवीं तक अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड को एपीसी अशोक कश्यप, एपीसी शर्मा, बीईओ डीएस राजपूत, बीआरसीसी डीसी डाहिरे द्वारा संबोधित कर सभी लक्ष्य को बच्चों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। एबीईओ सुनील शर्मा, अन्नपूर्णा परिहार, जितेन्द्र वैष्णव, रामायण राजपूत, डीईओ, डीएमसी के मार्गदर्शन में डाइट पेंड्रा प्रशिक्षित डीआरजी मिल्लू राम यादव, दयाराम साहू, विनोद कुमार कुर्रे, सर्वेंद्र खांडेकर, रामानुज विश्वकर्मा, प्रेम लाल जायसवाल, लालसिंह राठौर, महावीर राजपूत, एवं परमेश्वर सिन्हा द्वारा शिक्षकों को एफएलएन के चार खंडीय माडल की रणनीति व रूपरेखा को समझाते हुए प्रशिक्षण प्रदान किए।

## खबर संक्षेप

### जनसमस्या निवारण शिविर कल से

**बिलासपुर।** आमजनों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम सीमाक्षेत्र में 10 जुलाई से नगर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर पूरे एक महीने तक शहर के विभिन्न वार्डों में आयोजित किए जाएंगे। इनमें सड़कों की साफ-सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड एवं सड़कों की मरम्मत, आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भवन, भवन निर्माण अनुमति, नियमितीकरण, संपत्तिकर जैसी मूलभूत सुविधा शामिल है, जिसके लिए आवेदन लिए जाएंगे।

### कर्मचारी संघ सीएम के नाम कल सौंपेंगा ज्ञापन

**बिलासपुर।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा महंगाई भत्ता सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम 10 जुलाई को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। संघ के सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि प्रांतीय निकाय के आहवान पर महंगाई भत्ता के साथ 10 सूत्रीय मांगों को लेकर छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ 10 जुलाई को मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। भोजनावकाश में दोपहर 1.30 बजे पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग परिसर से रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। श्री शर्मा ने इस अवसर पर संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में इस रैली में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### क्रिकेट संघ का अंडर 23 ट्रॉयल कल

**बिलासपुर।** स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में 10 जुलाई को सुबह 8 बजे अंडर 23 का ट्रायल लिया जाएगा। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रॉयल के बेस पर छत्तीसगढ़ की अंडर 23 टीम का चयन किया जाएगा। इसमें वही खिलाड़ी ट्रायल दे सकते हैं, जिनका का कट ऑफ डेट 1 सितम्बर 2001 से 31 अगस्त 2005 के बीच में रहेगा। ट्रायल लाल ड्यूज बॉल से लिया जाएगा और खिलाड़ियों को सफेद वेषभूषा में उपस्थित होना अनिवार्य है। ट्रॉयल से पूर्व सभी खिलाड़ियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना आवश्यक है, जिसके लिए मोबाइल से संपर्क कर सकते हैं, जिनका पंजीयन नहीं हुआ है उनका ट्रायल नहीं होगा। इसके अलावा सभी ट्रायल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को अंतिम 6 वर्षों की अंकसूची (कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं) का ओरिजनल दस्तावेज़ लाना जरूरी है। साथ में आधार कार्ड, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज़ फोटो और निर्धारित 300 रुपए शुल्क अनिवार्य है और साथ में सभी डॉक्यूमेंट की फ़ोटो कॉपी भी लाना है। ट्रॉयल के बाद 15 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों की सूची छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को भेजी जाएगी।

### आंबा कार्यकर्ता पदों पर दावा-आपत्ति 18 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकंडा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों पर भर्ती की जानी है। इसके लिए आवेदन मंगाए गए थे। आवेदनों के बाद परीक्षण कर अंतिम मूल्यांकन सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 18 जुलाई तक बाल विकास परियोजना सरकंडा में प्रस्तुत किए जा सकते है।

### आफिस में रखे सामानों की नीलामी 10 को

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा पार्सल आफिस में रखे हुए असंबद्ध और गैरसुपुर्द उपयोगी सामानों की खुली नीलामी समय-समय पर की जा रही है। ऐसे में सामानों की अगली खुली नीलामी 10 जुलाई बुधवार को सुबह 11 बजे से बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में की जाएगी। नीलामी की जाने वाली सामानों में डीप फ्रिजर, ट्रालीबैग, पानी एवं कोलड्रिंक की बोतलें शामिल हैं। खुली नीलामी में भाग लेने के लिए निश्चित परिचय-पत्र के साथ 10 जुलाई बुधवार को समय सुबह 10:30 बजे से पहले बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में उपस्थित हो सकते हैं।

**लालटेन ,पंखा और फ्यूज बल्ब को माला पहनाकर किया प्रदर्शन:** कहा-जो छत्तीसगढ़ कई राज्यों को बिजली सप्लाई करता है वहां की जनता अंधेरे में

# कांग्रेसियों ने बिजली दरों में वृद्धि व कटौती पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। बिजली की समस्या को लेकर सोमवार को शहर के 4 ब्लाकों में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने लालटेन ,पंखा और फ्यूज बल्ब को माला पहनाया। कांग्रेसियों ने सरकार के विरोध में नारे लगाए और कहा जब से साय सरकार बनी है बिजली कटौती भी सांय सांय हो रही है। कांग्रेसियों ने कहा कि भारी बिजली बिल और कटौती के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत ब्लॉक क्रमांक 1,2,3 और 4 के द्वारा अपने अपने ब्लॉकों में सोमवार को जन विरोधी नीति, बिजली दर में वृद्धि और अघोषित कटौती के विरोध में एक दिवसीय धरना -प्रदर्शन किया गया। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक सरप्लस बिजली उत्पादन वाला राज्य है ,जो देश के कई राज्यों को बिजली आपूर्ति करता है पर आज छत्तीसगढ़ की गरीब जनता खुद हाथ पंखा चला रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आज सभी क्षेत्रों में असफल है। भाजपा के सत्ता में आते ही सोची समझी रणनीति के तहत ट्रांसफार्मर स्थल में आग लगना, फिर प्रति यूनिट बिजली बिल में वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जबकि मध्यम, निम्न मध्यम परिवारों में प्रत्येक घर में 9 ,12, 15 वाट के ही बल्ब उपयोग हो रहे है पर बिल हजारों में दिया जा रहा ह। इससे पहले कांग्रेस सरकार में 6 माह पूर्व बिल हाफ होता था।

छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

### बिजली कटौती भी एक भ्रष्टाचार : अटल

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार है और बिजली बिल भी डबल गति से बढ़ रही है। बिजली बिल के नाम पर लोगो की धड़कने बढ़ जाती है । भाजपा हर स्तर पर भ्रष्टाचार कर रही है। छत्तीसगढ़ में बिल वृद्धि और बिजली कटौती भी अपने आप में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है, क्योकि जंगल, जमीन,जल हमारे खत्म हो रहे है ,पर्यावरण दुष्प्रभाव को जनता भोग रही है और कोयला खदान अपने मित्रों को दे रही है। भूपेश सरकार ने 400 यूनिट बिल को हाफ किया ,तभी से भाजपा वाले परेशान थे, और आंदोलन कर रहे थे।

### लालटेन युग में लाया: शैलेष

पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने लोगों को लालटेन युग में ला दिया है। बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी कर लोगों का कमर तोड़ दिया है। राज्य की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है। प्रदेश भर में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता और किसान परेशान हैं। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि, पूर्व भूपेश सरकार ने 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल देती थी। साथ ही बिजली की नियमित आपूर्ति भी की जा रही थी। लेकिन, भाजपा की सरकार आने के बाद अब दिन में कभी भी बिजली गुल हो जाती है। जिससे कृषक, मरीज, स्टूडेंट, वृद्ध और महिलाएं बिजली संकट से परेशान हैं।

### कुशासन बढ़ रहा: रामशरण

महापौर रामशरण यादव ने कहा कि सरकार की अक्षमता और कुशासन की वजह से बिजली कटौती के साथ बिल में बढ़ोतरी हो रही है। ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार ने जनता से झूठ बोला और बिजली दरों में काम करने का आश्वासन भी चुनाव के समय दिया था लेकिन सरकार बनते ही बिजली बिल बढ़ा दिया और बिजली कटौती भी कर दी जनता परेशान है। इस अवसर पर प्रमोद नायक, अभय नारायण राय, महेश दुबे, राकेश शर्मा, समीर अहमद, शिवा मिश्रा, विश्वम्भर गुलहरे, सीताराम जायसवाल, शहजादी कुरैशी,युवा शेरू असलम, सीमा घृटेश, पिंकी बतरा,विनय वैद्य ,रिजवान खान,रामशंकर बघेल, स्वर्णा शुक्ला,पंचराम सूर्यवंशी आदि शामिल हुए।

### तिफरा में कांग्रेस ने किया आंदोलन

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर तिफरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा अघोषित बिजली कटौती, बिजली दरों में वृद्धि व स्मार्ट मीटर के विरोध में 8 जुलाई को सिरगिट्टी विद्युत कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर मुख्य अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिफरा ने सिरगिट्टी सीएसईबी कार्यालय का घेराव कर मुख्य अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपकर अघोषित बिजली कटौती बंद कर नियमित बिजली आपूर्ति, बिजली दरों में वृद्धि को वापस लेने तथा स्मार्ट मीटर बंद करने की माँग की। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू , प्रभारी जिला महामंत्री नाजिम खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, पवन साहू, पार्षद रवि साहू, गोविंद यादव, जोन अध्यक्ष अरुण नाथानी, रमाकान्त साहू, रामायण रजक , अजय मनहरे, रमेश साहू, संजीव पाल, सचिन भवानी, विकास साहू, अश्वनी राजपूत, सूरज राजपूत, मनोज यादव आदि मौजूद थे।

**प्रशासन ने नहीं की व्यवस्था, लोग परेशान**

# पटवारियों की हड़ताल से कार्यालयों में कामकाज ठप

- मुंगेली नाका चौक में किया गया धरना प्रदर्शन
- दूरदराज से आए लोग निराश होकर लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

32 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के सभी पटवारी हड़ताल पर चले गए हैं। पटवारियों ने राजस्व पखवाड़ा का पूरी तरह बहिष्कार कर दिया है। बिलासपुर में मुंगेली नाका चौक पर दिन भर धरना प्रदर्शन देते हुए मांगों को दोहराया गया। इस हड़ताल के कारण राजस्व संबंधी काम पहले दिन से ही प्रभावित होने शुरू हो गए हैं। जो खसरे आनलाइन नहीं हुए हैं उनकी बी 1 पी 2 जारी नहीं हो सका। इससे रजिस्ट्री प्रभावित हुई। नकल, खेतों पर लोन, प्रमाणपत्र सत्यापन से जुड़े काम भी प्रभावित हो रहे हैं। सोमवार को काम कराने के लिए दूर दराज से लोग पटवारी आफिस पहुंचे भी लेकिन हड़ताल की बात पता चलने पर निराश होकर वापस लौट गए। कार्यालयों पर ताला लटका होने से लोगों को कामकाज के लिए परेशानी उठानी पड़ी। राजस्व पटवारी संघ ने 32 सूत्रीय मांग रखी गई है। पटवारियों द्वारा ग्रेड पे 2800 करने और कार्यालयीन संसाधन मुख्य मांग की जा रही है।

### आरआई को देंगे जिम्मेदारी

पटवारियों की हड़ताल प्रदेश भर में हो रही है। जिले में कितने पटवारी पहले दिन इस हड़ताल में शामिल थे इसकी जानकारी ली जा रही है। इसे शासन को भेजा जाएगा। यह हड़ताल लंबी चली तो राजस्व संबंधी काम प्रभावित न हो इसके लिए सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

- **आरए** कुरुवंशी, अतिरिक्त कलेक्टर

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचीं विभिन्न संगठनों की महिलाएं।

**पं. बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार का विरोध**

# महिलाओं ने कहा- कानून व्यवस्था शब्दकोष तक सीमित

**बिलासपुर।** पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ हो रहे अभद्र व्यवहार के विरोध में शहर की प्रमुख महिला संगठनों ने सोमवार को कलेक्टर अवनीश शरण को ज्ञापन सौंपा। इसमें तेजस्विनी, बनवासी विकास, महिला समन्वय, सक्षम महिला आयाम, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, सिंधी समाज, भाजपा महिला मोर्चा, मानव अधिकार सहायता संघ शामिल रहा।

इन संगठनों की सदस्यों ने ज्ञापन में कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेश खली कूचबिहार, उत्तर दिनाजपुर चोपरा में हुई घटना का पूरा भारत वर्ष घोर निंदा एवं विरोध करता है। पश्चिम बंगाल में दिन - प्रतिदिन महिलाओं की बिगड़ी हुई स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। कानून और व्यवस्था केवल शब्दकोश तक सीमित कर रह गए हो ऐसा प्रतीत होने लगा है। निरीह निरपराध नागरिकों का और विशेषतः महिलाओं का शोषण और दर्दनाक उत्पीड़न सर्वथा निंदनीय है। भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ने वाली यह घटनाएं तालिबानी शासन का स्मरण कराती है। एक महिला मुख्यमंत्री के होते हुए भी महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय अत्याचार और अपमान से हम सब महिलाएं अत्यंत व्यथित हैं। हम इस पूरे मामले को कठोर निंदा करते हैं । और शीघ्रता शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भारत सरकार को ज्ञापन देकर अपनी व्यथा व्यक्त करते हैं एवं न्याय और विधि नियम की पुनः स्थापना की अपेक्षा करते हैं।

**अशोकनगर आवास में पानी की समस्या**

# महिलाएं पानी की शिकायत लेकर पहुंचीं नगर निगम

- थोड़े देर पानी आने के बाद बंद हो जाता है नल
- महीने भर से हो रही क्षेत्र में पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोकनगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों में शिफ्ट किए गए परिवारों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। यहां के मकानों में थोड़े देर के लिए पानी आता है, उसके बाद नल बंद हो जाता है, जिससे आवश्यकतानुसार पानी भी नहीं भर पाते हैं। इसलिए पानी की समस्या लेकर सोमवार को अशोकनगर आवास की महिलाएं निगम कार्यालय पहुंची थीं। अशोकनगर में नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना तहत फ्लैट सिस्टम में आवास का निर्माण कराया गया है। यहां पर अलग-अलग ब्लाकों में मकान आबंटित किया गया है। इसके अलावा शहर के कई जगहों से कच्चे मकानों, झुग्गी-झोपड़ी हटाई गई है। वहां रहने वाले प्रभावित परिवारों को अशोकनगर आवास में मकान दिया गया है, लेकिन अशोकनगर आवास में रहने वाले लोग करीब माहभर से पानी की समस्या से परेशान हैं। इसलिए महिलाएं निगम कार्यालय विकास भवन पहुंची थी।

### वाल्व खराब है

अशोकनगर आवास में जिस पानी टंकी से पानी सप्लाई होती है, उसका वाल्व खराब है, जिसकी वजह से वहां समस्या आ रही है। इसके अलावा वहां के लोगों की मांग पर अशोकनगर आवास में अभी नया बोर खनन कराया गया, जिसका कनेक्शन अभी नहीं हो पाया है। लेकिन जल्दी ही वहां पर पानी की समस्या को दूर कर लिया जाएगा।

- **अनुपम तिवारी**, प्रभारी जल विभाग, ननि

# नगर निगम में पांच माह से नहीं हुई सामान्य सभा

**बिलासपुर।** नगर निगम सामान्य सभा बुलाने मांग उठने लगी है। निगम के सभापति शेख नजरूद्दीन ने सोमवार को नगर निगम कमिश्नर को पत्र लिखा है, जिसमें सामान्य सभा कराए जाने की मांग की गई है। इससे पूर्व नगर निगम में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने के पहले सामान्य सभा हुई थी। इस तरह से निगम में सामान्य सभा हुए करीब पांच माह होने जा रहे हैं।

- सभापति ने लिखा पत्र
- बरसात को लेकर आ रही शिकायतें

बारिश का मौसम आ गया है और इस समय शहर में कई तरह की समस्याएं भी सामने आती हैं, इसलिए पार्षदों द्वारा अपने-अपने वार्डों से संबंधित समस्याओं को सामान्य सभा में उठाया जाता है, ताकि उन समस्याओं का निराकरण हो सके। नगर निगम में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के पहले 29 फरवरी को सामान्य सभा आयोजित की थी और सामान्य सभा हुए लगभग पांच माह होने जा रहा है, इसलिए निगम सभापति शेख नजरूद्दीन ने स्वयं निगम कमिश्नर को पत्र लिखकर सामान्य सभा बुलाए जाने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में नगर पालिक अधिनियम 1956 में निहित प्रावधानों के तहत प्रत्येक दो माह के अंतराल में सामान्य सभा कराने के नियम का उल्लेख भी किया है।

### लिखा गया है पत्र

बारिश का मौसम आ गया है और नाला-नाली एवं पानी निकासी, जल भराव जैसे कई तरह की समस्या, शिकायत लोगों से मिल रही है। पार्षद भी अपने-अपने वार्डों की समस्या रखना चाहते हैं, इसलिए मैने निगम कमिश्नर को आज पत्र लिखा है, जिसमें सामान्य सभा कराए जाने की मांग की है।

- **शेख नजरूद्दीन** सभापति, ननि

# 2 दिन मिले 13 मरीज, सीएमएचओ ने लगाई नोडल अधिकारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/रतनपुर

रतनपुर में भी डायरिया का प्रकोप थम नहीं रहा है, दूसरे दिन 13 नए मरीज डायरिया के चपेट में आए। इस दौरान विभाग की टीम ने 146 घरों का सर्वे किया। कबीरधाम, करैयापारा, महामाया पारा में मरीजों को दवा का वितरण किया गया। वहीं 3 मरीजों को सिम्स भी भेजा गया है।

दरअसल रतनपुर क्षेत्र में डायरिया के मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। लोगों में दस्त की समस्या देखी जा रही है, जिससे उनके शरीर में कमजोरी आ रही है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को 146 घरों का सर्वे किया गया, इस दौरान मरीजों की संख्या में कमी आई, लेकिन डायरिया का प्रकोप थम नहीं सका है। सोमवार को 13 नए मरीज सामने आए। इसमें से दो का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है और बाकी घर में रहकर इलाज करा रहे हैं। रविवार और सोमवार के बाद 47 लोगों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। वहीं 6 लोगों का इलाज अब तक अस्पताल में चल रहा है। सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने जिला मुख्यालय के नोडल अधिकारियों की ड्यूटी रतनपुर में लगा दी है, अधिकारी नियमित तौर पर रतनपुर में रहकर स्वास्थ्य रतनपुर सीएचसी का काम संभालेंगे।

### रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे एसडीएम, मरीज का जाना हालचाल

कोटा एसडीएम मरीजों का हाल चाल जानने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डायरिया फैलने का मुख्य उद्देश्य यहां के दूषित पानी बताया जा रहा है। यहां के नल कनेक्शन नालियों से होकर गुजरती है। जिसमें पाइप में नाली का गंदा पानी भी आ रहा है। कोटा एसडीएम ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को तत्काल पाइपलाइन को सुधारने एवं नगर में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही है।

### किया गया है सर्वे

सोमवार को भी सर्वे किया गया है, नए मरीज जरूर मिले हैं, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है। इस दौरान 46 लोगों को डिस्चार्ज किया गया है। गंभीरता को देखते हुए नोडल अधिकारियों को वहां जाने का आदेश दिया गया है।

- **डॉ प्रभात श्रीवास्तव**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

# पत्नी से विवाद के बाद पति की फांसी पर लटकी मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर में रहने वाला युवक रविवार की रात एक बजे पत्नी से विवाद के बाद घर से निकल गया। सुबह पांच बजे उसकी लाश घर के बाहर पेड़ पर लटकी मिली। परिजन ने हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है, इसकी रिपोर्ट से युवक के मौत का कारण स्पष्ट होगा।

सिविल लाइन क्षेत्र के नेहरू नगर गजानंद मंदिर के पास रहने वाले जगदीश प्रसाद सिंगरौल इलेक्ट्रिशियन का काम करते थे। वे यहां पर अपनी पत्नी के साथ रहते थे। रविवार की रात जगदीश और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो गया। इसके बाद वह रात एक बजे अपने घर से निकल गया। सुबह करीब पांच बजे महिला की नींद खुली। जब वह बाहर निकली तो घर के आंगन में लगे पेड़ पर जगदीश की लाश फांसी पर लटक रही थी। महिला ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी।

घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। इधर जगदीश के परिजन भी घर पहुंचे। जगदीश की मां कुमारी बाई ने अपने बेटे की हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि बेटे के गले में चोट के निशान हैं। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया है। इसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जीवनदायनी बना डायल 112, महिला ने बच्चे को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डायल 112 में गर्भवती प्रसूता को अस्पताल ले जाते समय प्रसव पीड़ा अत्यधिक होने पर गाड़ी रोककर प्रसव कराया गया। उसके बाद मां व बच्चे को सुरक्षित इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- रास्ते में की गई प्रसव की व्यवस्था

सोमवार को सूचना डायल 112 ग्राम रहंगी की रहने वाली एक गर्भवती प्रसूता को अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में प्रसव पीड़ा अत्यधिक होने से एवं परिजन के द्वारा गाड़ी रोकने निवेदन करने पर रास्ते में गाड़ी को रोका गया। डायल 112 के आरक्षक अनिल बांधे, चालक शशांक दास के द्वारा तत्काल डिलीवरी के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। उसके बाद मितानिन व परिजनों की सहायता से गाड़ी में महिला की सुरक्षित डिलीवरी कराई गई। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और उन्हें इलाज के प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया है। प्रसूता महिला और उनके परिजनों ने डायल 112 व बिलासपुर पुलिस के इस कार्यप्रणाली की सराहना की है। उन्होने डायल 112 पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्ति किया है।

एसपी रजनेश सिंह ने आरक्षक की पीठ थपथपा कर उनके कार्य की प्रशंसा कर उन्हें पुरस्कृत किया है। एसपी ने श्री सिंह का कहना है किसी भी अपराध, आपराधिक घटना, दुर्घटना या किसी भी परिस्थिति में पुलिस की सहायता की जरूरत होने पर बिना किसी झिझक के डायल 112 पर कॉल करें।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152